"समय और समझ दोनों खास हैं, पर दोनों साथ बहुत कम मिलते हैं। समय सिखाता बहुत कुछ है, लेकिन जब तक समझ आती है, समय निकल चुका होता है।"

"यदि लगता है कि वातावरण एवं परिस्थितियां अनुकूल है, तो स्वयं को समय के साथ परिवर्तित करो, अनुकूल नहीं है तो उन्हें परिवर्तित करने का हौसला रखो। मजबूरियों को कोसना स्वयं की न्यूनता एवं दुर्बलता है।"

संपर्क | सहयोग | संस्कार | सेवा | समर्पण

स्वस्थ–समर्थ–संस्कारित भारत ◆ Swasth-Samarth-Sanskarit Bharat

# नीति Niti

भारत विकास परिषद्
तमसो मा ज्योतिर्गमय
स्था. 1963

वैशाख-ज्येष्ठ | May 2026

अंक 5 | पृष्ठ 32 | ₹10




## राष्ट्रीय कार्यशाला

4-5 अप्रैल, 2026

/bvporg /bvporg /bvporg




रोहतक, हरियाणा मध्य प्रान्त में नव संवत्सर के अवसर पर भजन संध्या का आयोजन




मोहाली, चण्डीगढ़ प्रान्त : रक्तदान शिविर का आयोजन




क्षेत्रीय कार्यशाला - मध्य रीजन

62 YEARS IN THE SERVICE OF MANKIND

Bharat Vikas Parishad

May, No. 5

शक संवत् 1948 वैशाख-ज्येष्ठ 2083 युगाब्ध 5128

# नीति | Niti

Mouth piece of Bharat Vikas Parishad

“झूठ कुछ समय के लिए भ्रम पैदा कर सकता है, पर सत्य को कभी पराजित नहीं कर सकता है, जैसे सूरज बादलों के पीछे छिप सकता है, पर उसका प्रकाश अंततः संसार को उजाला ही देता है।”

National President
JUSTICE ADARSH KUMAR GOEL
MOB. : 9910213040 (NEW DELHI)

National Vice Presidents
DURGA DUTT SHARMA
MOB. : 9414120524 (PALI MARWAR)
KARNAL SINGH
MOB. : 8800378080 (DELHI)
DR. S.S. MANTHA
MOB. : 9820439978 (MUMBAI)
NIDARSHANA GOWANI
MOB. : 8291933787 (MUMBAI)

National Secretary General
SUNIL KHERA
MOB : 9412088411 (RUDRAPUR)

National Finance Secretary
SANJEEV MIGLANI
MOB. : 9868234495 (DELHI)

National Organising Secretary
SURESH JAIN
MOB : 9974399944 (DELHI)

National Gatividhi Convenor - Prakashan
ARVIND KUMAR BANDI
MOB : 9425054903 (INDORE)

नीति समाचार भेजने के लिए केवल - niti@bvpindia.com का प्रयोग करें।

Niti e-paper: This issue is also available on Parishad’s Website **www.bvpindia.com** and **“BVP App”**

Published & Printed by Durga Dutt Sharma for BHARAT VIKAS PARISHAD, Bharat Vikas Bhawan, Plot No. MS-14 AD/BD Block, (Adjoining BD-87), Pitampura, Delhi-110034.
Editor : Arvind Kumar Bandi. Printed at : IMPRESSIONS PRINTING & PACKAGING LIMITED, C-18-19-20, Sector-59, Noida-201301 (U.P.)

Like us on facebook :
www.twitter.com/bvporg www.instagram.com/bvporg www.facebook.com/bvprog

## इस अंक में

सम्पादकीय ........ 04
आवरण कथा ........ 05
स्वास्थ्य ........ 07
दायित्वधारी 2026-27 ........ 10
गतिविधि कैलेण्डर 2026-27 ........ 12
विविध गतिविधियाँ ........ 15
देहदान-नेत्रदान-रक्तदान-जीवनदान ........ 27
विकास रत्न ........ 28
नेत्रदान-देहदान ........ 30

## मई मास के पर्व

01 : श्रमिक दिवस, बुद्ध पूर्णिमा
07 : गुरु रविन्द्रनाथ टैगोर जयन्ती
10 : प्रथम स्वतंत्रता संग्राम आरंभ दिवस
16 : वट सावित्री
26 : गंगा दशहरा
28 : वीर सावरकर जयन्ती
31 : विश्व तम्बाकू निषेध दिवस

Central & Regd. Office:
Bharat Vikas Bhawan
Behind BD Block DDA Market, Power House Road, Pitampura, Delhi -110034
Ph: 011- 27313051, 27316049, 27314515
e-mail : bvp@bvpindia.com
niti@bvpindia.com
website : www.bvpindia.com

**Price: Rs. 10.00 Per Copy**
**Annual Subscription : Rs. 100.00**
**(For Free Distribution to our selected members)**

Please forward news at niti@bvpindia.com

# आत्मविश्वास एवं कार्य पर विश्वास से लक्ष्य प्राप्ति

जब हम आत्मविश्वास से परिपूर्ण होते हैं तब असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं और जब आत्मविश्वास का अभाव होता है तो सरल कार्य भी अत्यंत कठिन हो जाता है। आत्मविश्वास अर्थात् अपने आप पर भरोसा, अपनी प्रतिभा और अपनी क्षमताओं पर विश्वास। हमारा आत्मविश्वास सूर्य जैसा होना चाहिए, चाहे जितने ग्रहण उसके ऊपर लग जाएं, लेकिन उसके प्रकाश में एवं तेज में तनिक भी अंतर नहीं आता।

ईश्वरीय कार्य को हम सभी ने अपना लक्ष्य बनाया है अर्थात् समाज के वंचितों की निःस्वार्थ सेवा एवं समाज की भावी पीढ़ी को संस्कारित करना। भारत विकास परिषद् की सदस्यता हमने इन दोनों उद्देश्यों की पूर्ति करने हेतु ही प्राप्त की है। यह दोनों कार्य करने का रोडमैप भी संगठन ने हमें प्रदान किया है। संगठन द्वारा निर्धारित कार्य एवं रोडमैप पर जितना अधिक हम विश्वास करेंगे तथा अपने कृतित्व पर जितना हमारा आत्मविश्वास होगा यह लक्ष्य उतना ही आसान एवं निकट अनुभव होगा।

अर्थात किसी भी कार्य की सफलता उस कार्य, उसकी कार्यप्रणाली पर विश्वास एवं स्वयं पर आत्मविश्वास की परिपूर्णता से ही सिद्ध होती हैं। जितना इनका अभाव होगा कार्य उतना ही कठिन एवं दूर दृष्टिगत होगा। साथ ही हम भी इस असमंजस में रहेंगे कि हम इस कार्य में अपने आप को संलग्न करें अथवा नहीं? क्या लक्ष्य हमें प्राप्त होगा? होगा तो कब होगा? ऐसे अनेक प्रश्नों के समाधान में उलझ कर आपका अपने मार्ग से पथभ्रष्ट हो जाना कोई असंभव घटना नहीं होगी। लेकिन ऐसी घटनाएं हमारे कार्य को प्रभावित कर लक्ष्य को दूर करती चली जाएगी।

महाभारत युद्ध के समय जब अर्जुन ने अपने सामने कौरवों की सेना में अपने सभी भाई-बांधव को देखा तो वह द्रवित हो गया, और उसके मन में यह विचार आया कि अपने भाई-बांधव से ही मुझे युद्ध करना है, यदि मैं विजयी भी हो गया तब भी मेरी पराजय ही है, क्योंकि इन भाई-बांधवों को मुझे खोना ही पड़ेगा। अर्जुन के भीतर का योद्धा क्षीण होकर सो गया। अर्जुन का आत्मविश्वास डगमगा गया और ऐसा लगा कि युद्ध प्रारम्भ होने के पूर्व ही वह पराजित हो चुका है।

जब भगवान कृष्ण ने अर्जुन की यह हालत देखी तब उन्होंने अर्जुन को गीतोपदेश के माध्यम से तत्वज्ञान प्रदान किया और उसे अपने लक्ष्य का स्मरण कराया। तब अर्जुन ने कहा : -

"नष्टो मोहःस्मृतिर्लब्धा त्वत्प्रसादान्मयाच्युत।
स्थितोऽस्मि गतसन्देहः करिष्ये वचनं तव।।"

अर्थात् आपकी कृपा से मेरा मोह नष्ट हो गया है और मुझे ज्ञान/स्मृति प्राप्त हो गई है। अब मैं संशय रहित होकर स्थिरचित्त हूं और आपकी आज्ञा का पालन करूंगा। अपने वचन का पालन करूंगा।

जब अर्जुन का आत्मविश्वास जागृत हुआ और उसे अपने लक्ष्य के प्रति विश्वास प्राप्त हुआ तभी वह महाभारत युद्ध में सफल हुआ और कौरवों की सेना को परास्त करते हुए विजयश्री का वरण किया। अर्थात् जब व्यक्ति में कार्य के प्रति विश्वास एवं स्वयं के प्रति आत्मविश्वास का जागरण होता है, तब वह इस महासमर में निष्णात योद्धा की भांति सभी बाधाओं से उबरते हुए अपने लक्ष्य के प्रति तीव्रता से अग्रसर हो जाता है। अपने अंतरंग में ऐसे ही विश्वास एवं आत्मविश्वास जागृत करने की आवश्यकता है।

अपने भीतर आत्मविश्वास जागृत करने हेतु मुख्य रूप से तीन बातों की आवश्यकता होती है, और वे हैं :- उत्साह, धैर्य एवं तत्परता। इन तीनों का संतुलन आवश्यक है। केवल उत्साह से काम नहीं चलेगा उसके साथ धैर्य एवं तत्परता अनिवार्य है। जैसे आप ने एक बीज बोया और उसे पानी, खाद भी दिया, लेकिन अगली सुबह आप उसके अंकुरित न होने पर दुखी हो गए, तो ऐसा नहीं यहाँ धैर्य भी रखना होगा, जिस क्रिया-प्रक्रिया में जितना समय लगेगा उतना उसे देना ही पड़ेगा तब ही वांछित परिणामों की प्राप्ति होगी।

अपने कार्य में विश्वास स्थापित करने के लिए सर्वप्रथम अपने कार्य को पूर्णतः समझना, कहीं कोई संशय हो तो उसके संबंध में स्पष्टीकरण प्राप्त करें और उस विषय की प्रासंगिकता पर आप संतुष्ट हो जाएं। यदि आप के पास इसके क्रियान्वयन हेतु कोई बेहतर विधि हो तो उसके संबंध में संबंधित कार्यकर्ता से अवश्य चर्चा करें एवं जब आप पूर्णतः संतुष्ट हो जाएं तब उस कार्य में विश्वास करना प्रारम्भ करें।

कार्य के प्रति आपका विश्वास एवं आपका स्वयं के भीतर का दृढ़ आत्मविश्वास, दोनों मिलकर कार्य को आसान भी करेंगे एवं लक्ष्य को निकट भी लाएंगे। और जब ऐसा होगा तो कार्य हमें आसान भी लगेगा और इस कार्य का हम सब मिलकर आनंद भी लेने का सौभाग्य प्राप्त करेंगे।

**अरविन्द बंडी,**
**राष्ट्रीय गतिविधि संयोजक-प्रकाशन**

# राष्ट्रीय कार्यशाला से नवीन सत्र की गतिविधियों का शुभारंभ

4 एवं 5 अप्रैल को राष्ट्रीय मुख्यालय में संपन्न हुई कार्यशाला ने उपस्थित समस्त कार्यकर्ताओं में उत्साह एवं ऊर्जा का संचार किया। उद्घाटन सत्र में सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत राष्ट्रीय समन्वयक श्री गजेंद्र सिंह संधू ने किया एवं संगठन की बारीकियों से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। राष्ट्रीय महामंत्री श्री सुनील खेड़ा ने सामूहिक चिंतन से सामूहिक निर्णय करने को संगठन की प्रमुख विशेषता निरूपित किया। उन्होंने कहा कि स्वभाव से हम सेवाभावी संगठन हैं, लेकिन अन्य विषय भी गौण न होकर महत्वपूर्ण हैं। सेवा का कार्य भी जब संस्कारयुक्त होता है तब ही वह प्रभावशाली होता है। हम पारिवारिक संगठन होने के कारण हमारे कार्य का आधार भी परस्पर सहयोग एवं आत्मीयता है। हमारा कार्य एवं कार्य पद्धति के साथ अत्यंत महत्वपूर्ण है हमारी कार्य संस्कृति, जिसके मूल में हैं हमारा वैचारिक अनुष्ठान। इन चारों का प्रशिक्षण ही इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य है। श्री खेड़ा ने शाखाओं की कार्यशालाओं का भी आयोजन अनिवार्य रूप से करने हेतु सभी से आग्रह किया। प्रथम तिमाही में सभी शाखाओं में सदस्यता वृद्धि अभियान भी चलाया जाना चाहिए।



हम समाज को कैसे देखते हैं इससे अधिक महत्वपूर्ण है समाज हमें कैसे देखता है? इसकी चिंता भी की जानी चाहिए। हमारी पब्लिक इमेज कैसे सुदृढ़ बने इसका रोडमैप भी बनाया जाना चाहिए। इसके लिए शहर में सेवा अथवा संपर्क के अनेक बड़े पब्लिक कार्यक्रमों का आयोजन सुचारु रूप से आयोजित किए जाएं, जिससे हमारी सकारात्मक छवि निर्मित हो सके। स्थापना दिवस पर भी एक ही दिन पूरे देश में बड़े रक्तदान अथवा संपर्क के कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। देश के दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में 'थिंक टैंक' के गठन किए जाने चाहिए। जो पुराने कार्यकर्ता निष्क्रिय हो गए हैं, उन्हें शाखाविहीन क्षेत्रों में नवीन शाखाएं स्थापित करने के कार्य में अथवा अपने क्षेत्र में भी शाखा के सुदृढ़ीकरण में संलग्न किया जा सकता है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री आदर्श गोयल ने कहा कि किसी भी संगठन की स्ट्रेंथ इस बात पर निर्भर है कि उसमें प्रवाह ऊपर से नीचे एवं नीचे से ऊपर बराबर चल रहा है अथवा नहीं, और इसमें यदि कहीं व्यवधान है तो उस गैप का अध्ययन कर उसे दूर करने कर प्रयास अवश्य किया जाना चाहिए। उन्होंने संगठन के सुदृढ़ीकरण के अनेक सूत्र प्रदान किए।

राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री सुरेश जैन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी किसी व्यक्ति के लिए नहीं अपितु एक मिशन के लिए कार्यरत हैं। हमारा आचरण, हमारा व्यवहार

परिषद् की प्रतिष्ठा के अनुरूप होना चाहिए। समाज को आदर्श स्थिति में लाना ही हमारी आइडियोलॉजी है और यही हमारा मिशन है। देश में पंच परिवर्तन को आग्रहपूर्वक अंगीकार कराना हमारा दायित्व है और इसके लिए हमें कृत-संकल्पित होना होगा। श्री जैन ने कहा जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में श्रेष्ठता निर्मित हो और इसमें परिषद् का क्या योगदान हो सकता है, इसका चिंतन कर उस पर क्रियान्वयन हमें अवश्य करना है। देश को हम कैसे श्रेष्ठ बना सकते हैं, इसकी कल्पना कर उस दिशा में अग्रसर होना भी हमारा प्रमुख कार्य है। सामान्य संगठन को विशिष्ट बनाने के लिए अपनी श्रेष्ठ कार्यशैली, कृतित्व एवं समर्पण अनिवार्य घटक है। समाज को परिवर्तित करने के पूर्व हमें हमारी सोच में सकारात्मकता लाना आवश्यक है। हमें भी श्रेष्ठता को प्राप्त करना होगा। समाज की पीड़ाओं का संज्ञान लेते हुए समाज को पीड़ामुक्त करने की मानसिकता का विकास करते हुए इस दिशा में अग्रसर होना होगा। हमारा परिवार एक आदर्श परिवार बने, हमारे परिवार की महिलाएं प्रसन्नचित्त रहते हुए अन्य महिलाओं को पीड़ामुक्त कर सकें इस प्रकार के वातावरण का निर्माण हमें करना हैं। ऐसा करने पर ही परिषद् समाज को दिशा प्रदान कर एक श्रेष्ठ संगठन बन सकता है।

राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री श्री विनीत गर्ग ने परिषद् की नियमावली एवं प्रोटोकॉल की जानकारी पीपीटी के माध्यम से प्रदान की। साथ ही उन्होंने कार्य प्रणाली की भी जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम करने का उद्देश्य मात्र कार्यक्रम करने का नहीं अपितु उसके माध्यम से कार्यकर्ता का निर्माण कर संगठन को सुदृढ़ करना है।

सेवा प्रकल्प के संबंध में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री डी.डी.शर्मा ने बताया कि देश में 25 लाख एन.जी.ओ. कार्यरत है लेकिन उनकी सेवा एवं हमारी सेवा में अंतर है, हमारी सेवा निःस्वार्थ एवं संस्कारयुक्त है। हमारी सेवा तीन प्रकार की है : आकस्मिक, योजनाबद्ध एवं स्थाई प्रकल्प के रूप में। संस्कार प्रकल्प के संबंध में क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री विक्रांत खंडेलवाल ने संस्कार को परिभाषित करते हुए विभिन्न जानकारियां बिंदुवार प्रस्तुत की। उन्होंने पंच परिवर्तन के सूत्रों के आधार पर संस्कार शिविर के आयोजन पर बल दिया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री कर्नल सिंह ने संपर्क प्रकल्प के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि शाखाओं में संपर्क टोली की बैठकों के आयोजन प्रतिमाह किए जाएं। प्रत्येक शाखाओं में न्यूनतम 100 स्कूल शिक्षकों की, रक्तदाताओं की सूची भी बनाई जाए एवं उनका समुचित उपयोग संगठन हित में किया जाए। थिंक टैंक में शहर के 10 प्रभावशाली व्यक्तियों की सूची में न्यूनतम 4 सदस्य को परिषद् से अवश्य जोड़े जाएं। प्रत्येक प्रांत एवं रीजन में 10-10 प्रभावशाली व्यक्तियों एवं महिलाओं की सूची भी अवश्य तैयार की जाए। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती निदर्शना गोवानी ने महिलाओं से पारिवारिक अनुकूलता निर्मित कर सेवा कार्य में तत्पर होने का आह्वान किया। उन्होंने 12 वर्ष से ऊपर की बालिकाओं के लिए कम्प्यूटर प्रशिक्षण एवं 25 वर्ष से ऊपर की महिलाओं के लिए कुटीर उद्योग के प्रशिक्षण का आग्रह किया। श्रीमती गोवानी ने प्रतिवर्ष 5 लाख एनीमिया जांच कर उन्हें एनीमिया मुक्त कराने का आग्रह किया।

पर्यावरण की राष्ट्रीय गतिविधि प्रमुख डॉ. जे.आर.भट्ट ने पेड़, पानी का संरक्षण एवं प्लास्टिक का उन्मूलन तथा फूड वेस्ट को पूर्णतः निषेध करने का आग्रह सभी से किया। उन्होंने वर्षा-जल के संरक्षण पर भी कार्य करने का विशेष रूप से आग्रह किया। राष्ट्रीय वित्त मंत्री श्री संजीव मिगलानी ने वित्तीय नियंत्रण एवं पारदर्शिता के सूत्र प्रदान किए। प्रत्येक शाखा की ऑडिट रिपोर्ट प्रांत के पास अवश्य आनी चाहिए। किसी भी प्रान्त द्वारा कोई भी रकम कोष (Corpus) में न प्रदर्शित की जाए। ट्रस्ट एंड प्रॉपर्टीज के राष्ट्रीय गतिविधि संयोजक श्री महेश बाबू गुप्ता ने बताया कि 37 ट्रस्ट को संबद्धता प्रदान कर दी गई है एवं अनेक ट्रस्ट पाइप लाइन में हैं। नीति अनुसार प्रत्येक प्रांत में एक ही ट्रस्ट संबद्ध किया जाएगा। सीएसआर के संबंध में उन्होंने महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया। विभिन्न सत्रों का संचालन राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री श्री विनीत गर्ग एवं श्री मुकेश जैन ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री कर्नल सिंह ने किया। •

**Dakshin Silchar**, Assam : Branch organised a health check-up and free medicine distribution camp. Dr. Darshana Patowary and Dr. Ranjana Dhar conducted examinations and guided patients on hygiene, nutrition, and recovery. Medicines were distributed, along with an awareness session promoting healthy lifestyles. In second camp various check-ups, consultations, free medicines, and haemoglobin tests for workers and residents were also done. Branch President Dr. Kingshuk Adhikari and members, including Dr. Pranesh Debnath, Sourav Dey, and Secretary Shankar Sarkar, participated.

**Birjhora** : The Branch organised a Free Health Check-up Camp. providing medical relief and guidance with thorough examinations to 58 patients, including blood pressure, blood sugar, and hemoglobin tests. Patients were given free essential medicines. The camp was managed by Sri Bhupendra Kumar Sarma, P.K. Das, Sri Biswajit Das, Sri Swapan Kumar Saha, and Sri Sanat Kumar Medhi. Branch also hosted a farewell ceremony for outgoing Class VIII students, celebrating their achievements. Students were presented commemorative gifts. Various faculty, guardians, and branch members remain present in the event.



**Dakshin Silchar, Assam : Branch organised a health check-up and free medicine distribution camp**

**मोहाली, चण्डीगढ़ प्रान्त** : शाखा द्वारा आयोजित एवं श्री प्रद्रीप जिंदल द्वारा प्रायोजित रक्तदान शिविर में 98 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। सभी रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह तथा प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, चिकित्सकों की टीम तथा कॉलेज के विद्यार्थियों को स्वयंसेवक के रूप में सेवाएं प्रदान करने हेतु स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। शिविर के आयोजन में अध्यक्ष श्री अशोक पवार, श्रीमती जनक गुप्ता, श्री अवनीश जिंदल, मोहाली की दोनों शाखाओं के सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा। शिविर में सदस्यों सहित 200 लोगों की उपस्थिति रही।

**चैरीटेबल ट्रस्ट लुधियाना, पंजाब पश्चिम** : चैरीटेबल ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर में 162 दिव्यांग बन्धुओं को 171 कृत्रिम अंग जिसमें आधुनिक कृत्रिम अंग 09, पारंपरिक कृत्रिम अंग 56, कृत्रिम बाजू 07, कैलिपर 27, हेयरिंग ऐड 56, ट्राईसाईकिलव्हील चेयर 15, वाकर 1 आदि का वितरण किया गया। साथ ही विभिन्न पैथियों द्वारा 1056 मरीजों का उपचार किया गया।

**रेवाड़ी, हरियाणा दक्षिण** : शाखा द्वारा आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्रीमती हर्षा देवी एवं श्री कमल निंबल ने किया। शिविर में ग्राहक पंचायत के प्रान्तीय अध्यक्ष डॉ. आर. बी. यादव, डॉ. सुमन यादव, प्रान्तीय संयोजक मुकेश सैनी व हर्ष सैनी का सानिध्य प्राप्त हुआ। मंच संचालन डॉ. अनिल सैनी ने किया। शिविर में 36 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। सभी रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया। अध्यक्ष दिनेश सैनी ने अतिथि स्वागत एवं आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर महिला संयोजिका श्रीमती ज्योति शर्मा, सचिव राम किशोर सैनी,

कोषाध्यक्ष प्रेम मैंहदीरता, हुकम चन्द्र प्रजापत, अनिल सैनी, प्रवीण जांगिड़, संजीव यादव, नितिन गोयल, कृष्ण जांगिड़, अजय गुप्ता, दयाराम आर्य, डॉ. दीपक सैनी, जगमोहन अग्रवाल, सरदार काश्मीर सिंह, कृष्ण कुमार, जोनी जैन, प्रदीप माटा सहित अनेक सदस्य एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे।

**सम्राट मुजफ्फरनगर, हस्तिनापुर प्रान्त** : शाखा द्वारा आयोजित निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में क्षेत्रीय संयोजक पर्यावरण डॉ. आलोक भटनागर, श्री प्रमोद गर्ग, प्रान्तीय अध्यक्ष सरल माधव, प्रान्तीय प्रभारी अंशु गोयल, डॉ. अशोक सिंघल, डॉ. स्वाति अग्रवाल का अतिथि के रूप में सानिध्य प्राप्त हुआ। शाखा अध्यक्ष प्रवीन कुमार ने अतिथि स्वागत किया। डॉ. आलोक भटनागर डॉ. स्वाति अग्रवाल एवं डॉ. अशोक अग्रवाल ने भी आंखों की बीमारियों से संबंधित अनेक जानकारियां दी। शिविर में 108 मरीजों ने अपनी आंखों की जांच कराई जिनमें से 38 को ऑपरेशन कराने का परामर्श दिया गया। सचिव ने आभार व्यक्त किया।

**महानगर उज्जैन, मध्य भारत पश्चिम** : शाखा द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय दिव्यांग सहायतार्थ शिविर में कर्नाटक के महामहिम राज्यपाल श्री थावरचंद गहलोत के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व राज्यसभा सांसद श्री रघुनंदन शर्मा के विशेष आतिथ्य में 570 दिव्यांग जनों को कृत्रिम हाथ, पैर, व्हील चेयर ट्राइसिकिल, कैलीपर सहित विभिन्न उपकरणों का वितरण किया गया। कार्यक्रम संयोजक पं. भगवान शर्मा एवं पराग काबरा ने बताया कि इस अवसर पर अतिथि के रूप श्री अनिल जैन कालूहेड़ा विघायक उज्जैन उत्तर, श्री सतीश मालवीय विधायक घटिया एवं राष्ट्रीय संयोजक प्रकाशन श्री अरविन्द बंडी उपस्थित रहे। अध्यक्षता जिला समन्वयक श्याम बंसल ने की। महामहिम राज्यपाल श्री गहलोत ने परिषद् के इस सेवा कार्य को अन्य सामाजिक संस्थाओं के लिए प्रेरणा बताते हुए दिव्यांगों के लिए सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि श्री रघुनंदन शर्मा ने इस शिविर को पीड़ित मानवता की सच्ची सेवा बताते हुए आयोजन मंडल के सुनील लवांगीकर, प्रकाश चित्तौड़ा, ओमप्रकाश गर्ग, दीपक राजवानी, राजा मजावदिया, विट्ठल नागर, चिराग शाह, उन्मोद नागर, दिनेश महाजन, विजय सुराना, संजीव आचार्य, खेमजी भाई चंदन, अजय मिश्रा, आरती खरे सहित सभी सदस्यों को सफल आयोजन कि लिए बधाई देते हुए आगे भी इस तरह के आयोजन के लिए आह्वान किया। शिविर के आयोजन में ईश्वर पटेल, ओमप्रकाश गुप्ता, श्याम माहेश्वरी, स्वप्निल पेंढ़ाकर, संजय अग्रवाल, अभिषेक गोयल, संदीप पाण्डे, अनिल वैष्णव, रविन्द्र मुले, माया शर्मा, अभिषेक बजाज, नीलेश शर्मा, मुकेश लखवानी, सुभाष मित्तल का सराहनीय योगदान रहा। अतिथियों द्वारा भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति द्वारा प्रदत्त सहयोग व सेवा के लिए सभी चिकित्सकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। संचालन प्रान्तीय महिला प्रमुख श्रीमती पूजा चित्तौड़ा एवं श्रीमती तनु शर्मा ने किया व आभार भगवान शर्मा ने व्यक्त किया।

**विक्रमादित्य उज्जैन** : शाखा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित 75वें स्वास्थ्य एवं कैंसर जागरूकता शिविर में महिलाओं को कैंसर से बचने के उपाए बताए गए। विगत 7 वर्षो से इस क्षेत्र में कार्य करते हुए 8वें आयोजन में 500 मातृशक्तियों को उत्कृष्ट मातृशक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया। पूर्व राज्यसभा सांसद श्री रघुनंदन शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं हीरालाल त्रिवेदी के विशिष्ट आतिथ्य में मुकेश पंड्या, मोहनलाल जोशी, बद्रीलाल रावल, नागेश्वर त्रिवेदी एवं श्रीमती शुभा जोशी उपस्थित रहे। राजयोगी ब्रह्माकुमारी ऊषा दीदी के पावन सानिध्य में अध्यक्षता पूर्व सांसद रीति पाठक ने की। डॉ. रेखा अग्रवाल एवं डॉ. लवेश अग्रवाल द्वारा महिलाओं को कैंसर के प्रति जागरूक करने के लिए आधुनिक तकनीक व विजुअल के माध्यम से प्रस्तुति दी गई। इस आयोजन में संयोजक डॉ. ध्वनि शर्मा, संरक्षक श्री भगवान शर्मा, सतीश पटेल, डॉ. करण पंड्या, डॉ. प्रशांत पाटीदार, डॉ. गायत्री भंडारी, डॉ. सुनील शर्मा, श्रीमती सरस्वती शर्मा, रीना राकेश पटेल, रिया योगेश शर्मा, मेघचंद्र शर्मा, माया शर्मा, सुभाष पंड्या, विशाल

त्रिवेदी, प्रहलाद उपाध्याय, डॉ. प्रदीप रावल, नीलेश मेहता, अभिषेक ठक्कर, अजय जागीदार लाला, निर्मला रावल, महेश पटेल बघेरा, कैलाश पांडे लक्ष्मीपुरा, सुभाष शर्मा भेंसुनी, चन्दर सिंह पंड्या खण्डोदा, शैलेश दुबे, संजीव आचार्य, रूगनाथ सिंह हेमतपुरा, अतुल पंड्या, पूर्णिमा पंड्या की सराहनीय भूमिका रही। संचालन तनु शर्मा ने व आभार मनीषा पंडित ने व्यक्त किया।

अहिल्यानगरी, इंदौर, मध्य भारत दक्षिण : शाखा द्वारा थर्मल मैमोग्राफी एवं पैप स्मीयर के निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन एच. सी. जी. कैंसर हॉस्पिटल के सहयोग से किया गया। चिकित्सकों एवं टेक्नीशियन की वृहद टीम द्वारा अनेक महिलाओं की जांच कर उन्हें रिपोर्ट सौंपी गई। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष श्रीमती सीमा माहेश्वरी, श्रीमती सुनीता गुप्ता, श्रीमती रश्मि केवड़ा सहित अनेक सदस्य एवं गणमान्यजन उपस्थित थे। एक अन्य कार्यक्रम में शाखा द्वारा स्थानीय चिकित्सालय में मेडिकल इक्विपमेंट्स के साथ लगभग लगभग 5,75,000/- मूल्य के फर्नीचर भी भेंट किए गए। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष श्रीमती सीमा माहेश्वरी, सचिव श्री प्रदीप धनोतिया, श्री रजनीश चौरड़िया, श्री अजय जैन, श्री राजकुमार साबू, श्री संतोष साबू, श्री किशोर कोठारी, श्री नीरज अग्रवाल, श्री अनूप सोडानी, श्री संजय सूर्यवंशी, श्री प्रमोद सेठिया, श्री पवन बागड़िया, श्री ब्रजेश नीमा, श्री योगेश-सुनीता गुप्ता, श्री राजेन्द्र रंजन सिंघानिया,श्री भूपेंद्र-सपना नीमा सहित अनेक सदस्य, अस्पताल के संचालक गण एवं अनेक गणमान्य जन भी उपस्थित थे।

बाड़मेर, राजस्थान पश्चिम : शाखा एवं बाड़मेर जन सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नेत्र जांच शिविर में चिकित्सकों द्वारा जिला कारागृह के 228 कैदियों की नेत्र जांच की गई। जिसमें से 49 कैदियों में निकट दृष्टि दोष होने पर चश्मा एवं 104 कैदियों को आंख में खुजली, जलन इत्यादि होने पर निःशुल्क दवाई का वितरण बाडमेर जन सेवा समिति द्वारा किया गया। जिला कारागृह के जेलर श्री मुकेश भाटी ने आभार व्यक्त किया। शिविर में जेल चिकित्सक डॉ. महेन्द्र चौधरी, जांगिड़ नर्सिंग कर्मी भूरेलाल एवं बालाराम, जालम सिंह, सुजिन्द्र सिंह एवं मुकेश द्वारा सेवाएं प्रदान की गई।

छीपाबडौद, राजस्थान दक्षिण पूर्व : शाखा द्वारा निरोगधाम जनकल्याण सेवा संस्था एवं जिला अंधता निवारण समिति झालावाड़ के सहयोग से आयोजित 182वें निःशुल्क नेत्र जांच एवंलेंस प्रत्यारोपण शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि थानाधिकारी योगेश चौहान ने किया। प्रान्तीय संयोजक महेन्द्र नागर, जिला समन्वयक धीरज बाठला, शाखा अध्यक्ष विक्रम सिंह हाड़ा ने अतिथि स्वागत किया। शिविर में 140 मरीजों की आंखों की जांच की गई एवं सभी जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाईयां उपलब्ध कराई गई। जांच उपरान्त 38 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन (लेंस प्रत्यारोपण) के योग्य पाए गए। जिन्हें निःशुल्क ऑपरेशन हेतु अस्पताल भेजा गया। कार्यक्रम प्रभारी श्री नरेन्द्र बाठला एवं लक्ष्मीकांत गौतम थे।

नगर इकाई बीकानेर, राजस्थान उत्तर : शाखा द्वारा समाज के जरूरतमंद वर्ग की सहायता हेतु 'आरोग्य सहारा' प्रारंभ किया गया। प्रकल्प के अंतर्गत जरूरतमंद व्यक्तियों को आवश्यक चिकित्सीय उपकरण व्हीलचेयर, नेब्युलाइजर, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, अस्पताल बेड, मैट्रेस, एयर बेड, सक्शन मशीन, वॉकर एवं ऑक्सीजन सिलेंडर निःशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे है।



छीपाबडौद, राजस्थान दक्षिण पूर्व : शाखा द्वारा आयोजित नेत्र जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर

परिषद् समाज के अन्य लोगों को भी इस सेवा कार्य से जुड़ने के लिए प्रेरित कर रहा है। यह प्रकल्प 'सेवा परमोधर्मः' की भावना का प्रतीक है।

अंजार, कच्छ प्रान्त : शाखा द्वारा वर्तमान समय में महिलाओं में गर्भाशय मुख कैंसर और स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से कैंसर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में ग्रामीण महिलाओं ने उत्साहपूर्णक भाग लिया। मुख्य वक्ता डॉ. प्रियंका बेन एवं अमितभाई पटेल ने उपस्थित महिलाओं को कैंसर के लक्षण, उससे बचाव के उपाय तथा समय पर जांच के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला संयोजिका श्रीमती काजलबेन, श्रीमती जयश्रीबेन पटेल तथा महिला सह संयोजिका श्रीमती दक्षाबेन गोहिल सहित अन्य पदाधिकारियों ने योगदान दिया। अंत में सभी महिलाओं ने अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की। ■

## REGIONAL JOINT GENERAL SECRETARIS, GATIVIDHI CONVENERS & PRANT OFFICE BEARERS

### Regional Joint General Secretaris, Gatividhi Conveners & Prant Office Bearers

| | | |
|---|---|---|
| **WEST REGION** | | |
| **Maharashtra North** | | |
| Prantiya President | Shri Vishal Vijaykumar Chordia | Jalgaon |
| Prantiya General Secretary | Shri Rajendra Vasant Jakhadi | Dhule |
| Prantiya Finance Secretary | Shri Hemangini Rajesh Mahajan | -------- |
| **Maharashtra Central** | | |
| Prantiya President | Shri Sarang Prabhakar Ayachit | --------- |
| Prantiya General Secretary | Shri Mukesh Vilasrao Pathak | --------- |
| Prantiya Finance Secretary | Shri Sunil Sureshrao Patil | --------- |
| **SOUTH REGION** | | |
| **Karnataka North & South** | | |
| 1. Joint General Secretary | Shri T.S. Jay Rudresh | Davangare |
| i. Regional Convener-Sampark | Shri Hariram Shenoy | Udupi |
| ii. Regional Convener -Sewa | Shri Panduranga Naik | Belagai |
| iii. Regional Convener-Sanskar | Shri M. Rammohan | Gangavati |
| iv. Regional Convener -Mahila Sahbhagita | Smt. Janaki S. Purohit | Raichur |
| **Amrawati & Visakhapatanam** | | |
| 2. Joint General Secretary | Shri Chunduru Murlidhar | Vijaywada |
| i. Regional Convener-Sampark | Shri B.Mallikharjuna Rao | Guntur |
| ii. Regional Convener -Sewa | Shri S. Gopala Rao | Anakapalli |
| iii. Regional Convener-Sanskar | Shri Talluri Sekhar | Guntur |
| iv. Regional Convener-Environment | Dr. S. Nookaraju | Anakapalli |
| iv. Regional Convener -Mahila Sahbhagita | Dr. B. Anuradha | Rajahmundry |

| | | |
|---|---|---|
| **Telangana & Tirupati** | | |
| 3. Joint General Secretary | Shri E.D. Nagaraj | Secunderabad |
| i. Regional Convener-Sampark | Shri Naga Sekhar Gupta | Hyderabad |
| ii. Regional Convener -Sewa | Shri P. Balachandrudu | Nandyala |
| iii. Regional Convener-Sanskar | Shri Lakshman Rao Govind | Hyderabad |
| iv. Regional Convener-Environment | Shri C.V. Sivaprasada Rao | Hyderabad |
| iv. Regional Convener -Mahila Sahbhagita | Smt. Madhavi Mohan | Hyderabad |
| **Tamilnadu North & Kerala** | | |
| 4. Joint General Secretary | Shri Chella Subrahmanyam .K | Chennai |
| **Amaravati** | | |
| Prantiya President | Shri Kamal Nayan Bang | Vijaywada |
| Prantiya General Secretary | Shri N.N.V. Srinivas | Vijaywada |
| Prantiya Finance Secretary | Shri P.L.V. Subrahmanyam | Gudiwada |
| **Visakhapatnam** | | |
| Prantiya President | Shri G.B.V. Subrahmanyam | Kovvur |
| Prantiya General Secretary | Shri P. V. Satyanarayana | Rajahmundry |
| Prantiya Finance Secretary | Shri CA T. Sai Krishna | Rajahmundry |
| **Tirupati** | | |
| Prantiya President | Dr. Niranjan Babu M. | Tirupati |
| Prantiya General Secretary | Shri A. Sridhar | Tirupati |
| Prantiya Finance Secretary | Shri S. Venu Gopal | Ananthapur |
| **Telangana** | | |
| Prantiya President | Shri P. Narendra Krishna. | Hyderabad |
| Prantiya General Secretary | Shri S. Shiva Ramakrishna | Secunderabad |
| Prantiya Finance Secretary | Shri B. Srinivas | Hyderabad |
| **Karnataka South** | | |
| Prantiya President | Shri Kashipur Puttappa | Davangere |
| Prantiya General Secretary | Smt. Bhavani M.R. | Bangalore |
| Prantiya Finance Secretary | Shri Rajnikanth | ------------- |
| **Karnataka North** | | |
| Prantiya President | Shri S.S. Hiramath | Raichur |
| Prantiya General Secretary | Shri Tirupati Joshi | Raichur |
| Prantiya Finance Secretary | Shri CA Ramu Parital | Raichur |
| **Tamilnaru North & Puddichery** | | |
| Prantiya President | Shri Raghunathan Ramarao | Chennai |
| Prantiya General Secretary | Shri S. Ethirajan | Chennai |
| Prantiya Finance Secretary | Smt. Madhumitha R. CA | --------- |

# CALENDAR OF ACTIVITIES : 2026-27

## April, May & June 2026

### CENTRAL

1. National Core Committee Meeting (Every Month)
2. National Workshop for National & Regional Office Bearers
3. National Gatividhies Workshops
4. Planing of Pravas of National Office Bearers.
5. Preparation of subject matters for Regional, Prantiya & Branch Level Workshops.
6. Meetings of Gatividhi Conveners, Co-Conveners and members in every two months

### REGIONAL

1. Regional Workshops
2. Planning of Pravas of Regional Office Bearers
3. Regional Executive Meeting.
4. Informal Meeting of Regional Toli.
5. Meeting pf Gatividhis along with respective National members, Jt. Gen. Secretary and Regional Conveners

### PRANTS

1. Prantiya Executive Meeting.
2. Prantiya Workshops
3. Approval of audited accounts of 2025-26 & presentation of budget for 2026-27.
4. Finalising of monthwise Calendar of activities for the year 2026-27.
5. Collection & remittance of Central Share.
6. Planning of Pravas of Prant office bearers.
7. Branch & Membership expansion drive.
8. Planning & Review of permanent projects and submission of project details to Central Office.
9. Submission of branch wise membership list with full address in excel sheet.
10. Meeting of Gatividhies

### BRANCHES

1. Annual General Body Meeting.
2. Approval of audited accounts of 2025-26 & presentation of budget for 2026-27
3. Membership Drive.
4. Branch level workshops.
5. Collection & remittance of Central & Prant share before 30th June,2026 with details of members in excel sheet.
6. Approval of Annual Calendars of Activities.
7. Bal Sanskar Shivir.
8. Mahila Karyakarta Meeting.
9. Selection of 10 poor & needy families.
10. Preparation of list of schools to be contacted for Sanskar gatividhies.
10. Any other activity or program as may be decided by the branch under 5 Gatividhies.

## July, August & September 2026

### CENTRAL

1. Foundation Day celebration.
2. National Core committee (Every Month)
3. Reporting of pravas previous quarter & planning of pravas for the next quarter.
4. Approval of financial accounts of previous year and budget for the current year.
5. National Executive meeting.

### PRANTS

1. Foundation Day Celebration.
2. Prant Executive meeting.
3. Prant Council meeting.
4. Reporting of pravas of previous quarter and planning of pravas for next quarter.
5. Meeting of Prant Gatividhi Convenors with Branch Office bearers and Tolies.
6. Branch Expansion drive.

### BRANCHES

1. Foundation Day Celebration.
2. Branch Executive Meeting (Every Month)
4. Contact of Schools for Sanskar/Sewa gatividhies
3. Tree plantation.
4. Branch level NGSC.
5. GVCA
6. Branch Level BKJ Written Exam.
7. Sanskrit Saptah

6. National council Meeting.
7. Meetings of Gatividhi Conveners-Co-conveners and members in every two months.

REGIONAL

1. Regional Executive meeting.
2. Regional Council meeting.
3. Informal meeting of Regional Toli.
4. Meetings of Regional Gatividhi Convenors with Prant Gatividhi Convenor.
5. Finalisation of dates & venue of Regional NGSC & BKJ
6. Reporting of pravas of previous quarter and planning of pravas for next quarter.
7. Meeting of Gatividhies along with respective National Members, Jt. Gen Secretary and Regional Convener.

7. Prant Level Mahila Karyakarta Workshop.
8. Prant level NGSC
9. Meeting of Gatividhies.

8. Planning of get together of members' families.
9. Any other activity or program as may be decided by the branch under 5 Gatividhies.
10. Anemia Check-up Camp
11. Program on Atmanirbhar Bharat.

## October, November & December 2026

CENTRAL

1. National Core Committee Meeting (Every month).
2. Reporting of pravas of previous quarter and planning of pravas for next quarter.
3. National level NGSC.
4. National Conference.
5. Meetings of Gatividhi Conveners-Co-conveners and members in every two months.

REGIONAL

1. Regional NGSC latest by 15 Nov. 2026.
2. Regional BKJ latest by 15 Dec., 2026
3. Regional Executive Meeting.
4. Informal meeting of Regional Toli.

PRANTS

1. Prant level NGSC latest by Oct. 2026
2. Prant level BKJ latest by 30 Nov. 2026
3. Prantiya Executive meting.
4. Informal meeting of Prant team.
5. Reporting of pravas of previous quarter and planning of pravas for next quarter.
6. Guru Teg Bahadur Balidan Diwas.
7. Meeting of Gatividhies
8. Preparation & submission of unaudited Financial half yearly account as on 30th Sept.

BRANCHES

1. BKJ quiz latest by Oct 2026
2. GVCA
3. Branch Executive meeting (Every Month)
4. Swachhata Diwas on 2nd October.
5. Any other activity or program as may be decided by Branch under 5 Gatividhies
6. Pariwar Sanskar

5.Reporting of pravas of previous quarter and planning of pravas for next quarter.
6. Meeting of Gatividhies along with respective National Members, Jt. Gen Secretary and Regional Convener.

## January, February & March 2027

CENTRAL

1.National Core Committee Meeting (Every month).
2.Reporting of pravas of previous quarter.
3. National level BKJ.
4. National Executive meeting
5. National Council meeting
6. Formation of National executive Committee, Regional team for 2027-28
7. Meetings of Gatividhi Conveners-Co-conveners and members in every two months

REGIONAL

1. Regional Executive Meeting.
2. Regional Council meeting.
3.Reporting of pravas of previous quarter.
4. Review of projects of Prants
5.Regional level Praudh Sadhna Shivir.
6. Informal meeting of Regional Toli
7. Submission of annual report to Central Office
8. Meeting of Gatividhies along with respective National Members, Jt. Gen Secretary and Regional Convener

PRANTS

1. Prantiya Executive meting
2.Prantiya Council meeting
3. Swami Vivekanand Jayanti
4. Republic day celebration
5.Annual election/nomination of Prant
6.Reporting of pravas of previous quarter.
7. Planning of workshop for Office Bearers for Next session.
8.Submission of annual report to Region.
9. Meeting of Gatividhies
10.Submission of unaudited Financial half yearly account up to 28 Feb.

BRANCHES

1.Branch Executive meeting (Every Month)
2. Swami Vivekanand Jayanti
3.Republic day celebration
4. Annual election/Nomination of Branch Office bearers.
5. Review of membership & activities of Branch of current year and target for next year
6.Submission of annual report to Prant
7. Any other activity or program as may be decided by Branch under 5 Gatividhies.
8. Pariwar Sanskar

**Manipur :** Prant held its oath-taking ceremony at the Nagaram office, with Prof. M. Premjit Singh as Chief Guest, Dr. Hemam Priyosakhi Devi and Dr. Sinam Rajendra Singh as Guests of Honour. Smt. Anuradha Jain presided as Functional President. The Annual activities and Financial Reports were presented by Smt. Sangeeta Patni and Abhichandra Karki. Dr. N. Muhindro Singh conducted the meeting & Dr. A. Ibohal Singh gave vote of thanks.

**Abhayapuri, Assam :** Branch in collaboration with Lalmati Ganesh Mandir Committee, organised a Samuhik Saral Vivah for 22 couples presided over by Branch President Shyam Sunder Paul and attended by many social workers and dignitaries including Shri Ujjal Kanti Roy, Shri Rudra Kumar Pathak, Smt. Mina Kumari Mandal, Shri Tapan Kumar Das, Shri Nirmal Kanti



**Manipur :** Prant held oath taking ceremony at the Nagaram Office

Dey, Shri Sanat Kumar Medhi, and Magistrate Shri Prafulla Adhikary. Anchored by Shri Anukul Nath and Shri Utpal Chandra Nath, speakers hailed the ceremony as a commendable example of Sanskar and Sewa.

**कोलकाता, पश्चिम बंगाल :** शाखा द्वारा आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में सदस्यों के रंग और गुलाल से स्वागत के पश्चात गीत, कविता, भजन और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर सदस्य प्रो. अनिल कुमार द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पर लिखित पुस्तक का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में 90 सदस्यों की सहभागिता रही। सचिव द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

**छपरा, उत्तर बिहार :** शाखा की वार्षिक बैठक में नई कार्यकारिणी का निर्वाचन पर्यवेक्षक डॉ. पी.एन.गुप्ता की उपस्थिति में सर्वसम्मति से किया गया। बैठक की अध्यक्षता श्री शंकर नाथ पाठक ने की जबकि संचालन श्री ईश्वर प्रसाद द्वारा किया गया। इस अवसर पर अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

**Taushi, J & K Prant :** Branch organised Environmental awareness & promotion of natural nutritional practices program in two schools of the town. 80 fruit plants were distributed




**Abhayapri, Assam :** Branch organised a Samuhik Saral Vivah

and planted. The initiative was aimed for greener earth by developing nutritional gardens. Branch emphasised on better plantation techniques, enabling better crop. School's Principal, staff members, Paryavaran Pramukh Shri Kuldeep Singh, Shri Arvind Khajuria, Shri C.M.Sharma, Shri Vinod Kumar, Shri Rajpal Khajuria, Shri C.M.Sharma, Shri Sewa Dass, Ms.Bhumi Thapar, Shri Ajay Khajuria along with many members and dignitaries attended the event.

**North 2, Chandigarh**: Branch organised a get together programme, in which 50 members attended the event and enjoyed games, cultural programme and birthday celebration of members.

**रोहतक, हरियाणा मध्य प्रान्त** : शाखा एवं चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में नव संवत्सर पर आयोजित भजन संध्या में कार्यक्रम अध्यक्ष राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री सुरेश जैन एवं मुख्य अतिथि रोहतक मार्केट कमेटी के चेयरमैन अशोक चौधरी, विशिष्ट अतिथि डॉ. विकास तेहलान, संदीप गर्ग तथा श्री सुशील गुप्ता उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम समाज और युवाओं को भारतीय मूल्यों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बनते हैं। कार्यक्रम में भजन गायक संजय भुटानी एंड पार्टी ने अपनी सुन्दर प्रस्तुतियों के माध्यम से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का संचालन अर्जुन गुप्ता ने किया। कार्यक्रम संयोजक सुरेश बंसल ने आभार व्यक्त किया तथा अशोक गुप्ता का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर क्षेत्रीय महासचिव श्री राकेश शर्मा, प्रान्तीय महासचिव श्री दीपक जिंदल, शाखा अध्यक्ष रमन गुप्ता, सचिव विजय गुप्ता के साथ राष्ट्रीय, क्षेत्रीय, प्रान्तीय दायित्वधारी, कार्यकर्ता गणमान्यजन एवं श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।


पंचकूला, हरियाणा उत्तर : शाखा द्वारा आयोजित नव संवत्सर कार्यक्रम

**पंचकूला, हरियाणा उत्तर** : भारतीय नव वर्ष पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ. परमजीत पाहवा ने श्री दिनेश सिंगला के मुख्य आतिथ्य एवं श्री भरत हितैषी के विशिष्ट आतिथ्य में की। श्री नरेश शर्मा एवं श्री बलराम शर्मा, सहित स्थानीय गणमान्य नागरिकों व सदस्यों की उपस्थिति रही। प्रकल्प प्रमुख पीयूष जैन ने अतिथि स्वागत किया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। बच्चों द्वारा प्रस्तुत एक प्रेरक नाटिका में अंग्रेजी नववर्ष के स्थान पर भारतीय नववर्ष मनाने तथा दैनिक जीवन में भारतीय संस्कृति को अपनाने का संदेश दिया गया। प्रसिद्ध कवि श्री अटल नारायण ने अपनी राष्ट्रभक्ति, संस्कृति और सामाजिक जागरूकता से ओतप्रोत कविताओं के माध्यम से श्रोताओं में उत्साह का संचार किया। मुख्य वक्ता श्री पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ ने अपने उद्‌बोधन में राष्ट्रवाद और सनातन संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 'वंदे मातरम्‌ को प्रतिदिन पूरे स्वर के साथ गाना चाहिए। उन्होंने सम्मान प्रतीक के रूप में बुके के स्थान पर तुलसी का पौधा भेंट करने का सुझाव दिया तथा समाज में राष्ट्रीय और सांस्कृतिक विषयों पर अधिक चर्चा करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन अनिरूद्ध भट्ट एवं पीयूष जैन ने किया। शाखा सचिव अशोक गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

**महर्षि दयानंद अंबाला** : शाखा द्वारा आयोजित पंचम सरल सामूहिक विवाह में 7 जोड़ो का विवाह संपन्न हुआ। इस अवसर पर अध्यक्ष के रूप में प्रान्तीय अध्यक्ष कपिल गुप्ता व विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. परमजीत पाहवा उपस्थित रहे। परंपरा अनुसार नव दंपतियों को



महर्षि दयानंद अम्बाला, हरियाणा उत्तर : शाखा द्वारा आयोजित सामूहिक सरल विवाह

दैनन्दिन उपयोग की सामग्री भेंट की गई। इस आयोजन में समाजसेवी मनोहर लाल सचदेवा, विहिप जिलाध्यक्ष योगी दिनेशकांत जिंदल, राज्य सूचना आयुक्त नीता खेड़ा, प्रान्तीय महासचिव अतुल गोयल, समाजसेवी अजय चावला, अनुभव अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, प्रदीप गोयल, दीपक राय आनंद, विवेक गुप्ता, अध्यक्ष चमन अग्रवाल, सचिव अंकुर गोयल, अमित चानना, मंजू अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

साहिबाबाद-गाजियाबाद, पश्चिम उत्तर प्रदेश : परिषद् की संपर्क बैठक राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री सुरेश जैन, राष्ट्रीय संयोजक संपर्क श्री कर्नल सिंह, राष्ट्रीय सह संयोजक श्री अरिहंत जैन, राष्ट्रीय गतिविधि सदस्य श्री राजीव अजमानी सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में संपन्न हुई। इस आयोजन में श्री प्रदीप जैन का विशेष सहयोग रहा। बैठक में क्षेत्रीय, प्रान्तीय एवं शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों की सहभागिता रही।

गौरव बुलंदशहर : शाखा द्वारा आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में 47 सदस्य उपस्थित रहे। सदस्यों द्वारा होली गीतों पर नृत्य और अध्यक्ष द्वारा भजन की प्रस्तुति दी गई। साथ ही विभिन्न खेलों का सदस्यों ने आनंद लिया। बच्चों ने राधा कृष्ण के स्वरूप में फूलों की होली खेली। सामूहिक भोजन का आनंद सदस्यों ने लिया और एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। शाखा द्वारा हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत का स्वागत दीप प्रज्ज्वलन एवं दीप यज्ञ के साथ उत्साहपूर्वक किया गया।

डिबाई बुलंदशहर : शाखा ने स्थाई प्रकल्प के अंतर्गत बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए 45 दिवसीय रूप सज्जा प्रशिक्षण शिविर महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा उन्हें सौंदर्य एवं साज-सज्जा के क्षेत्र में कौशल प्रदान करने उद्देश्य से आयोजित किया। प्रशिक्षण नीलम वर्मा ने प्रदान किया।

सम्राट मुजफ्फरनगर, हस्तिनापुर प्रान्त : शाखा द्वारा आयोजित वार्षिक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि प्रमोद गर्ग, मुख्य वक्ता डॉ. आलोक भटनागर, अति विशिष्ट अतिथि सरल माधव, विशिष्ट अतिथि श्रीमती सोनिया कश्यप उपस्थित रहे। अध्यक्ष प्रवीन कुमार ने स्वागत किया। मुख्य वक्ता डॉ. आलोक भटनागर ने नेत्रदान के संबंध में जानकारी दी। सदस्यों ने नेत्रदान का संकल्प लिया। परम कीर्ति शरण अग्रवाल ने शाखा की गतिविधियों का विवरण विस्तार से बताया। सुनील गर्ग, सुशोभ बिंदल, जग रोशन गोयल एवं प्रमोद त्यागी ने अनेक प्रकार के खेल खिलाकर पुरस्कार प्रदान किए। अंत में सचिव पी.के. गुप्ता ने आभार व्यक्त किया। सदस्यों द्वारा नई मंडी गौशाला में गौ सेवा की गई।

कोटद्वार, उत्तराखण्ड पश्चिम : शाखा द्वारा रजत जयन्ती पर आयोजित परिवार मिलन कार्यक्रम में परिवार सहित सदस्यों तथा क्षेत्रीय गणमान्य जनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों ने परिषद् की स्थापना, उद्देश्यों और शाखा के 25 वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शाखा के सभी पूर्व अध्यक्षों को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। सभी अध्यक्षों ने अपने कार्यकाल के अनुभव साझा करते हुए परिषद् के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त की और वर्तमान टीम को शुभकामनाएं दी। बच्चों और महिलाओं ने गीत, नृत्य और अन्य प्रस्तुतियां दी। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। शाखा की ओर से आभार व्यक्त किया गया।

संपर्क मंगलौर रुड़की : शाखा द्वारा वार्षिकोत्सव पर नए दायित्वधारियों के निर्वाचन की प्रक्रिया प्रान्तीय संयोजक संस्कार डॉ. राजीव गोयल के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। तत्पश्चात शाखा की सदस्याओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें नृत्य, कविताएं तथा नारी सशक्तिकरण पर आधारित आकर्षक रैंप वॉक प्रमुख रहे। साथ ही मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया। सदस्यों ने फूलों से होली खेलकर उत्सव को और भी यादगार बना दिया।

उन्नाव, ब्रह्मावर्त प्रान्त : शाखा द्वारा आयोजित गुरु वंदन छात्र अभिनन्दन कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं समर्पित शिक्षकों को सम्मानित कर उनका उत्सावर्धन किया गया। वक्ताओं ने शिक्षकों को समाज का मार्गदर्शक बताते हुए उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में प्रेरणा का संचार करता है। साथ ही शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, परिषद् सदस्य एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में आभार व्यक्त किया गया।

समर्पण जसवंतनगर, पांचाल प्रान्त : शाखा द्वारा आयोजित सरल सामूहिक विवाह समारोह में छः जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। मुख्य अतिथि विवेक कुलश्रेष्ठ ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया। अध्यक्षता श्री आनंद कुमार गुप्ता ने की। परिषद् परिवार एवं अन्य स्थानीय लोगों ने नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि रमेश मल्होत्रा, संजय मिश्रा, मुख्य वक्ता हरि दत्त दीक्षित थे। कार्यक्रम में सत्यनारायण शंखवार, अशोक कुमार, गुंजन सक्सेना, गौरव बाबू, सौरभ वर्मा, धर्मेंद्र सोनी, राजकमल जैन, सुमित श्रीवास्तव, मनोज कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

संस्कृति लखीमपुर खीरी, नैमिष प्रान्त : शाखा द्वारा आयोजित वार्षिक सभा में पर्यवेक्षक श्री शशिकांत श्रीवास्तव, शाखा अध्यक्ष आर्येन्द्र पाल सिंह सहित 25 सदस्यों की उपस्थिति में निर्वाचन संपन्न हुए। निवृत्तमान अध्यक्ष आर्येन्द्र पाल सिंह ने अध्यक्षता करते हुए परिषद् की उपलब्धियों और सेवा कार्यों का उल्लेख किया। कार्यक्रम में डॉ. सुशीला सिंह, पूर्णिमा इंद्र, ज्योति सिंह, श्याम शेखर, माला शास्त्री, रंजना गुप्ता, निधि गोयल, क्षमा रानी वर्मा, रीता श्रीवास्तव, डॉ. रमा रमण मिश्रा, छत्रपाल वर्मा, दुर्गेश गुप्ता और अनिल कुमार श्रीवास्तव सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

भदोही, काशी प्रान्त : शाखा द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में क्षेत्रीय महासचिव श्री रवि जायसवाल व ममता जायसवाल की उपस्थिति में शुभारंभ संरक्षक श्री श्रीलाल कोठारी द्वारा किया गया। श्री शशांक श्रीवास्तव व श्री प्रदीप वर्मा के मधुर गीतों ने समारोह को संगीतमय बना दिया। नौका विहार कार्यक्रम में परिषद् परिवार के 61 सदस्यों की सहभागिता रही। आगामी सत्र हेतु पदाधिकारियों का चयन पर्यवेक्षक श्री लोकेश गुप्ता द्वारा संपन्न कराया गया। आशीष बरनवाल के आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री पंकज बरनवाल ने की। नवरात्रि के पावन अवसर पर शाखा की ओर से भजन संध्या आयोजित की गई, जिसमें मातृशक्ति ने मां दुर्गा से स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की प्रार्थना की। प्रान्तीय समारोह में शाखा को 14 पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

सेंट्रल रीजन : छत्तीसगढ़ प्रान्त द्वारा रायपुर मुख्य एवं संकल्प शाखा के आतिथ्य में आयोजित रीजनल कार्यशाला में क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री विक्रांत खण्डेलवाल एवं राष्ट्रीय गतिविधि संयोजक, ट्रस्ट एवं सोसायटीज श्री महेश बाबू गुप्ता के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुई। क्षेत्रीय दायित्वधारियों द्वारा शपथ ग्रहण भी की गई। रीजनल अध्यक्ष श्री सुनील कोठारी ने स्वागत उद्बोधन दिया। श्री विक्रांत खंडेलवाल ने परिषद की आइडियोलॉजी एवं संस्कार प्रकल्प से अवगत कराया। अपने पाथेय में उन्होंने पंच परिवर्तन द्वारा समाज परिवर्तन का विषय अत्यंत प्रभावशाली रूप से समझाया। श्री महेश बाबू ने आर्थिक प्रबंधन, आर्थिक पारदर्शिता तथा ट्रस्ट एवं सोसायटी के विभिन्न प्रावधानों से भी अवगत कराया। श्री राकेश अग्रवाल ने सेवा, राष्ट्रीय गतिविधि संयोजक श्री अरविंद बंडी ने संपर्क,राष्ट्रीय गतिविधि सदस्य सुश्री संदीपा मल्होत्रा ने महिला

सहभागिता,श्री अनूप अग्रवाल ने स्थाई प्रकल्प,रीजनल महासचिव श्री सुधीर अग्रवाल ने नियमावली एवं प्रोटोकॉल, की जानकारी प्रदान की। श्री अनूप अग्रवाल द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

**मध्य भारत दक्षिण प्रांत** : प्रांत परिषद की बैठक का आयोजन खंडवा शाखा के आतिथ्य में इंदौर में किया गया। बैठक में 11 शाखाओं की उपस्थिति रही। प्रारम्भ में शाखाओं द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किए गए। शाखाओं को उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यो हेतु प्रतीक चिन्ह भेंट किए गए। राष्ट्रीय प्रकाशन प्रमुख श्री अरविंद बंडी, प्रान्त अध्यक्ष श्री वीरेंद्र जैन ने संबोधित किया। संचालन प्रांत महासचिव श्री विजय नामदेव ने किया। कार्यक्रम में प्रांतीय दायित्वधारी श्री अजय कामले, श्री अनंत अरझरे, डॉ. शैलेन्द्र महोदय, श्रीमती प्रीति शर्मा, श्री संजय भाटे, न्यास अध्यक्ष श्री पवन बागड़िया, श्री ब्रजेश नीमा, श्री किशोर कोठारी सहित शाखाओं के दायित्वधारी उपस्थित थे।

**नित्यानंद, धार** : वर्ष प्रतिपदा पर शाखा द्वारा सिविल सर्जन डॉ.बर्मन एवं प्रांत अध्यक्ष श्री वीरेंद्र जैन के मुख्य आतिथ्य में चिकित्सालय में मेगा वाटर कूलर भेंट कर लोकार्पण किया गया। साथ ही अस्पताल के चौराहे पर स्व. सुनील माहेश्वरी की स्मृति में एक अस्थाई प्याऊ का भी शुभारंभ किया गया। एक अन्य कार्यक्रम में वृद्धाश्रम में 21 कुर्सियां भेंट की गई। संचालन शाखा अध्यक्ष श्री कपिल माहेश्वरी द्वारा एवं आभार प्रदर्शन सचिव श्री अंबिकेश चौधरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में श्री सुनील रघुवंशी, श्री पीयूष जोशी, श्री वीरेंद्र राठोड, श्री सुनील रघुवंशी, श्री हर्षद वडनेरकर, श्री विनीत खत्री सहित अनेक सदस्य एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे।

**हरदा** : शहर के निकटस्थ ग्राम में मजदूर बस्ती में भीषण आगजनी की घटना में अनेक परिवारों के घर का पूर्ण सामान जल जाने के कारण शाखा ने इन परिवारों से सहानुभूति भेंट की एवं सभी पीड़ित परिवारों को बिस्तर एवं बर्तन प्रदान किए। एक किशोरी जो सिलाई कर जीवन यापन करती थी, उसकी मशीन जल जाने के कारण उसे नई सिलाई मशीन प्रदान की गई।




हरदा, मध्य भारत दक्षिण : शाखा द्वारा आगजनी से पीड़ित परिवारों को सहानुभूति सामग्री भेंट

**खंडवा** : प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी वर्ष प्रतिपदा का पर्व व्यापक स्तर पर मनाया गया। प्रातः शहर के हृदय स्थल पर गुड़ी रोपकर पूजा-अर्चना की गई। पूरे स्थान पर भव्य रंगोली की रचना भी की गई। सायंकाल दीपमालिका लगाकर भारत माता की पूजन की गई। इस अवसर पर आतिशबाजी भी की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री रुपेश पालीवाल, प्रांत संगठन सचिव श्री अनंत अरझरे, प्रांत सेवा प्रमुख डॉ. शैलेन्द्र महोदय, सुश्री प्रियंका पटेल, श्रीमती कंचन-मुकेश तनवे, डॉ. शिवशंकर गुर्जर, श्री संतोष राठौर, डॉ. दिलीप हिंदुजा, श्री दर्शनीय राठौर, सुश्री मोनिका पालीवाल, सुश्री प्रेरणा जैन, सुश्री अनामिका अरझरे, श्री चंद्रशेखर सोहनी, श्री अश्विनी भाटे, श्री गोवर्धन गोलानी, श्री संजय पालीवाल, डॉ. अनीस अरझरे, श्री सुरेंद्र सोलंकी, श्री अनूप हिंदुजा सहित अनेक सदस्य एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

**नर्मदापुरम** : शाखा की वर्ष 2026-27 की नई कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। निर्वाचन अधिकारी अनंत अरझरे एवं प्रान्त समन्वयक डी.एस. दांगी की उपस्थिति में नवीन दायित्वधारियों का निर्वाचन किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त किया। प्रान्तीय परिषद् बैठक में शाखा को परिषद् के डिजिटल प्लेटफॉर्म बीवीपी इण्डिया एप्प का पूर्ण एवं प्रभावी उपयोग करने हेतु सम्मानित किया गया।

मध्य भारत उत्तर प्रांत : (श्री अशोक गर्ग द्वारा) प्रांतीय परिषद् की बैठक में 23 शाखाओं के प्रतिनिधियों ने अपने प्रतिवेदन प्रस्तुत किए एवं आगामी वर्ष हेतु किए जाने वाले कार्यक्रमों के संबंध में भी विचार विमर्श किया। विशिष्ट कार्य करने वाली शाखाओं को सम्मानित किया गया। बैठक में रीजनल अध्यक्ष श्री सुनील कोठारी, रीजनल महासचिव श्री सुधीर अग्रवाल, संयुक्त महासचिव श्री अनूप अग्रवाल, प्रांत अध्यक्ष श्री अमित जैन, महासचिव श्री नीरज अग्रवाल, वित्त सचिव श्रीमती रचना गोयल प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

शिवाजी, ग्वालियर : (अशोक गर्ग द्वारा) शाखा द्वारा आर्थिक रूप से वंचित 11 कन्याओं के सामूहिक विवाह कराए गए। नव-युगलों को दैनंदिन जीवन में लगने वाली प्रमुख सामग्री भेंट स्वरुप प्रदान की गई। कार्यक्रम में क्षेत्रीय मंत्री डॉ. सुरेंद्र प्रधान, श्री ओम प्रकाश शर्मा, श्री शालिग्राम गोयल, शाखा अध्यक्ष अशोक हयारण, सचिव दिनेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्री कमल अग्रवाल, श्री ओ.पी. गुप्ता, श्री संतोष अग्रवाल, श्री शरद आहूजा, श्री संजय अग्रवाल, श्री अक्षय जैन, श्री महेश अग्रवाल, श्री एस. पी. अग्रवाल, श्री अरुण शर्मा, श्री विश्व बिहारी मिश्रा, श्री डी. के.गुप्ता सहित अनेक सदस्य एवं गणमान्यजन उपस्थित थे।

अहिल्या, गुना : (अशोक गर्ग द्वारा) अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शाखा द्वारा सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए घरेलू कार्यरत बहनों को सम्मानित किया गया एवं उनके साथ भोजन कर समाज को जातिवाद से मुक्त होने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्ष इंदु सोनी ने कहा कि इस तरह के कार्यों से ही हम समाज के एक बेहतर पहलू का निर्माण कर सकते हैं। इसके साथ ही सभी बहनों को एनीमिया से बचाव हेतु लोहे की कढ़ाई उपहार में दी गई। मनोरंजक खेल कोषाध्यक्ष सरिता ग्रोवर द्वारा कराए गए। इस अवसर पर शाखा उपाध्यक्ष नीति भार्गव, कृष्णा परिहार, प्रीति जैन, रेणु जैन, काव्यांजलि शर्मा, शालिनी धाकड़, अनिता सोनी, अमिता गोयल, अनुपमा भार्गव, मीना मौर्य, श्वेता शर्मा, गिरिजा जाट, विमल सूद सहित अनेक महिला सदस्य उपस्थित रही।



अहिल्या गुना, मध्य भारत उत्तर : शाखा द्वारा एनीमिया से बचाव हेतु लोहे की कढाई का वितरण

महाकौशल : नवीन प्रांतीय कार्यकारिणी का दायित्व ग्रहण सुश्री कीर्ति पांडेय के मुख्य आतिथ्य में एवं रीजनल अध्यक्ष श्री सुनील कोठारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। प्रांतीय अध्यक्ष श्री रामकृष्ण चौकसे ने आगामी सत्र की गतिविधियों पर प्रकाश डाला एवं महासचिव श्री राजीव बिरथरे ने परिषद की अवधारणा से अवगत कराया। दायित्व ग्रहण कराते हुए श्री सुनील कोठारी ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में परिषद की आवश्यकता एवं सेवा कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर विभिन्न शाखाओं के दायित्वधारी एवं अनेक सदस्य तथा गणमान्यजन उपस्थित थे।

संगरिया, राजस्थान उत्तर : प्रान्तीय पर्यवेक्षक श्री महेश जसूजा व श्री अरुण अग्रवाल की उपस्थिति में सर्वसम्मति से वर्ष 2026-27 के दायित्वधारियों का निर्वाचन किया गया। कोषाध्यक्ष ने वर्ष 2025-26 का वित्तीय ब्यौरा प्रस्तुत किया तथा सचिव ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। अध्यक्ष लवली गर्ग ने स्वागत करते हुए परिषद् की रीति नीति से अवगत कराया। प्रान्तीय महासचिव डॉ. संजय जिंदल ने परिषद् की कार्यप्रणाली एवं आगामी वर्ष के कार्यक्रमों की जानकारी दी। श्री महेश जसूजा एवं श्री अरुण अग्रवाल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रान्तीय प्रभारी कैलाश वर्मा, अरुण अरोड़ा, कपिल बंसल, अमनदीप सिंह, परविन्द्र सिंह, अविनाश बंसल, प्रदीप सिंगला, राहुल गुलाटी, अमित बाघला,




बौली, राजस्थान पूर्व : शाखा द्वारा आयोजित सामूहिक सरल विवाह

चेतन गुप्ता, विवेक गुप्ता, पवन रोहिला, डॉ. योगेन्द्र शर्मा, डॉ. विकास गुंबर, हरीश शर्मा, महेन्द्र जैन, राजकुमार अग्रवाल, डॉ. संजीव जिंदल आदि सदस्य उपस्थित रहे। भारतीय नववर्ष पर शहर में राहगीरों, वाहन चालकों एवं दुकानदारों का तिलक-अर्चन कर शुभकामनाएं देकर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर अनेक प्रान्तीय दायित्वधारी एवं सदस्य परिवार उपस्थित रहे।

**बौली, राजस्थान पूर्व** : शाखा द्वारा आयोजित प्रथम सर्वजातीय सामूहिक सरल विवाह समारोह में 13 जोड़े वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच परिणय सूत्र में बंधे। समारोह में महामंडलेश्वर 1008 बालकानंद जी महाराज, 1008 देवानंद जी गिरी महाराज एवं 1008 श्रीराम जी महाराज ने नवदंपतियों का कन्यादान कर आशीर्वाद प्रदान किए। संतों ने अपने उद्बोधन में सामूहिक विवाह को सामाजिक समरसता और धार्मिक सद्भाव का प्रतीक निरूपित किया। समारोह में क्षेत्रीय महासचिव श्री संदीप बाल्दी, क्षेत्रीय संयुक्त सचिव डॉ. शिव दयाल मंगल, प्रान्तीय महासचिव श्री हेमंत गर्ग, श्री दीन दयाल अग्रवाल, श्रीमती सरोज मंगल, शाखा अध्यक्ष डॉ. हर्षवर्धन शर्मा सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रान्तीय प्रभारी बनवारी गोयल ने बताया कि परिषद् की ओर से प्रत्येक जोड़े को दैनन्दिन उपयोग की सामग्री भेंट की गई। अध्यक्ष दिनेश सिंहल ने बताया कि विवाह संस्कार सादगी, सामूहिकता और सामाजिक समरसता के साथ संपन्न हुआ।

**मालवीय नगर जयपुर, राजस्थान उत्तर पूर्व** : शाखा द्वारा आयोजित वार्षिक साधारण सभा एवं होली मिलन समारोह में क्षेत्रीय संयोजक सेवा श्री ओम प्रकाश रावत एवं प्रान्तीय प्रकल्प मीडिया श्री गुंजन सक्सेना का अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया। शाखा अध्यक्ष श्री गिरिराज किशोर गुप्ता ने स्वागत किया। शाखा सचिव दिनेश कुमार खूंटेटा ने गत वित्तीय वर्ष में किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष महेश चंद गुप्ता ने वित्तीय वर्ष का आय एवं व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। शाखा के कार्यक्रमों में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए डॉ. बुद्धि प्रकाश शर्मा, डॉ. अंकिता व डॉ. गुंजन गुप्ता का स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र से सम्मान किया गया। शाखा के नवीन दायित्वधारियों का निर्वाचन सर्वानुमति से संपन्न हुआ। गुलाल व अबीर लगाकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी गई।

**अलवर** : शाखा एवं भारत विकास परिषद् चैरिटेबल ट्रस्ट की कार्यकारिणी के निर्वाचन पर्यवेक्षक सुनील खण्डेलवाल ने संपन्न कराए। शाखा अध्यक्ष ने स्वागत भाषण दिया। शाखा सचिव राधेश्याम व ट्रस्ट सचिव सुरेश मेठी ने सदन में अपने कार्यकाल के प्रतिवेदन प्रस्तुत किए। रीजन संगठन सचिव अशोक मित्तल, पूर्व रीजन संरक्षक डॉ. के. के. गुप्ता एवं पूर्व प्रान्तीय संरक्षक डॉ. कुमकुम कपूर ने निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। होली मिलन कार्यक्रम में संयोजक श्री हरीश जसोरिया व श्रीमती वैशाली जसोरिया और उनकी टीम के सदस्यों ने मनोरंजक खेलों के माध्यम से सदन को होली के माहौल में सराबोर कर दिया। धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष अशोक गुप्ता और संचालन दीपा अग्रवाल एवं नीना गुप्ता ने किया।

**भवानीमंडी, राजस्थान दक्षिण पूर्व** : परिषद् द्वारा नवसंवत्सर पर प्रतिवर्षानुसार आयोजित कार्यक्रम में राहगीरों को तिलक लगाकर नीम शरबत वितरण कर नववर्ष की बधाई

दी गई। विवेकानंद शाखा अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश गुप्ता एवं आदर्श शाखा अध्यक्ष डॉ. राजदीप सिंह छाबड़ा ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर संरक्षक धर्मचंद गोटावाला, कमल सुरेका, हेमराज शर्मा, प्रहलाद सिंह, श्याम चौधरी, दामोदर शुक्ला, मनोज अग्रवाल, जितेन्द्र गर्ग, जगदीश पाटीदार, उमाशंकर पोरवाल, सुमितसिंह छाबड़ा, नवीन जायसवाल, बॉबी होरा, राजेश गोटावाला, महक गुप्ता, मधुर बाफना, तरंग गुप्ता, डॉ. शुभम जैन, अतुल गुप्ता, मनोज सोलंकी, संजय जाजू, कमलेश गुप्ता दलाल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सहयोगी श्री धर्मचंद गोटावाला एवं श्री राजेश गोटावाला थे।

स्वामी विवेकानन्द भवानीमंडी : शाखा द्वारा आयोजित प्रान्तीय अधिवेशन एवं उत्कृष्टता सम्मान समारोह में क्षेत्रीय अध्यक्ष अरविन्द गोयल, क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव कमल सुरेका, संस्कार सचिव किशन पाठक, महिला प्रभारी सुनीता गोयल, प्रान्तीय अध्यक्ष रविशंकर मूंदड़ा, महासचिव हिमांशु चतुर्वेदी एवं वित्त सचिव अरविंद गर्ग ने सत्र 2025-26 में नेत्रदान एवं नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए शाखा को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। यह सम्मान शाखा संरक्षक गोविंद भराड़िया, प्रान्तीय नेत्र सह प्रभारी डी.के.गुप्ता, कमलेश दलाल, प्रान्तीय आमंत्रित सदस्य ओमप्रकाश चतुर्वेदी एवं जितेन्द्र गर्ग ने प्राप्त किया।

राजस्थान पश्चिम : जोधपुर में परिषद् द्वारा सामाजिक समरसता तथा कर्तव्य पालन में न्यायिक जगत की भूमिका विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई जिसमें मुख्य वक्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल ने कहा कि नागरिक कर्तव्यों के पालन तथा समरसतापूर्ण जीवन के बिना कोई भी समाज प्रगति नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि परिषद् समाज में व्याप्त इन चुनौतियों के समाधान की दिशा में एक आशा की किरण बन कर उभरी है। परिषद् में स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा से जात-पात से ऊपर उठकर समाज के बारे में चिंतन किया जाता है। परिचर्चा का शुभारंभ करते हुए राष्ट्रीय महामंत्री श्री दुर्गा दत्त शर्मा ने परिषद् के गठन के उद्देश्य तथा उसमें प्रबुद्ध वर्ग की भूमिका के संबंध में बताया। क्षेत्रीय संरक्षक श्री राधे श्याम शर्मा ने कहा कि न्यायमूर्ति आदर्श गोयल ने पर्यावरण संरक्षण तथा जरूरतमंदों को शीघ्र न्याय उपलब्ध करवाने में बहुत बड़ा योगदान दिया है। श्री नारायण रूप राय ने स्वागत उद्‌बोधन दिया तथा प्रान्तीय संयोजक संपर्क श्री लोकेश मित्तल ने अतिथियों का परिचय दिया। इस अवसर पर अतिरिक्त महाधिवक्ता श्री बंशीलाल भाटी, वरिष्ठ अधिवक्ता श्री जे. के. चण्डा, श्री हनवंत सिंह बालोत, श्री पंकज मेहता, श्री एल. आर. उपाध्याय, प्रान्तीय महाससचिव श्री श्याम पालीवाल सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने भाग लिया। श्री पंकज मेहता ने पारिवारिक विवाद मध्यस्थता से निपटाने, श्री अनुराग शुक्ला ने परिवार संस्कार, श्रीमती मेहता ने कर्तव्य तथा न्याय में सामंजस्य स्थापित करने पर विचार व्यक्त किए। परिचर्चा में श्री जगदीश शर्मा, श्री रामाकिशन भूतड़ा, श्री शैलेष माहेश्वरी, श्री राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, सुरेश भूतड़ा, श्री राजेन्द्र मंत्री, नंदकिशोर शाह, जोधपुर मारवाड शाखा अध्यक्ष डॉ. दिनेश पेडीवाल, सचिव श्री दिनेश सेठिया तथा नंदनवन शाखा के अध्यक्ष श्री सुरेश चन्द्र व्यास, सचिव श्री संजय भण्डारी तथा अन्य दायित्वधारी उपस्थित रहे। प्रान्तीय महासचिव श्री गिरीश लोढ़ा ने आभार व्यक्त किया तथा श्रीमती नीलम भारद्वाज द्वारा संचालन किया गया। इसी क्रम में विशिष्ट जन संपर्क के अंतर्गत राष्ट्रीय अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री आदर्श गोयल ने जोधपुर के पूर्व महाराजा गज सिंह से शिष्टाचार भेंट कर परिषद् द्वारा किए जा रहे सेवा, संस्कार, तथा पर्यावरण संरक्षण कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने परिषद् कार्यों में सहभागी होने का विश्वास दिलाया। क्षेत्रीय संरक्षक राधे श्याम रंगा, क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव श्री जगदीश प्रसाद शर्मा, क्षेत्रीय अंकेक्षण श्री अमृतराज धारीवाल ने महाराजा को स्मृति चिन्ह तथा परिषद् साहित्य भेंट किए।

जोधपुर : शाखा द्वारा आयोजित हिन्दू नववर्ष पर सदस्यों ने आमजन एवं राहगीरों को तिलक कर उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए मिठाई वितरित की। उपस्थित पदाधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि हिन्दू नववर्ष नव



नंदनवन जोधपुर, राजस्थान पश्चिम : शाखा द्वारा आयोजित जल जागरूकता रैली

ऊर्जा एवं नए संकल्प का प्रतीक है, जो हमें समाज सेवा एवं भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति प्रेरित करता है। इस अवसर पर क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव जगदीश शर्मा, प्रान्तीय अध्यक्ष नारायण रूप राय, महासचिव गिरीश लोढ़ा एवं वित्त सचिव रामकिशन भूतड़ा सहित शाखा अध्यक्ष अर्चना बिड़ला, सचिव राजेन्द्र कुमार मंत्री तथा अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

**नंदनवन जोधपुर** : शाखा द्वारा आयोजित विश्व जल दिवस पर जल संरक्षण जागरूकता रैली में 58 सदस्यों की सहभागिता रही। सभी ने आकर्षक और संदेशपरक पोस्टर के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों एवं आम नागरिकों ने सामूहिक शपथ ग्रहण की कि वे जल संरक्षण को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएंगे और समाज में भी इसके प्रति जागरूकता फैलाएंगे। शाखा द्वारा संचालित दन्त चिकित्सालय में संपन्न संपर्क बैठक की अध्यक्षता रामा किशन भूतड़ा ने की। बैठक में जलवायु, विद्युत, परिवहन, नगर निगम, प्रतिरक्षा, वन विभाग, डाक, रेल डाक सेवा, रेलवे और बैंक सहित विभिन्न विभागों से जुड़े 18 प्रान्तीय एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही। शाखा अध्यक्ष सुरेश चन्द्र व्यास ने स्वागत उद्बोधन में परिषद् स्थापना, उद्देश्यों और गतिविधियों का विस्तृत परिचय प्रस्तुत किया। अमृत राज धारीवाल ने ट्रस्ट द्वारा संचालित विभिन्न प्रकल्पों का अवलोकन कराया। भारतीय मजदूर संघ के प्रान्तीय उपाध्यक्ष नारायण सिंह ने इस पहल के लिए परिषद् का आभार व्यक्त करते हुए इस प्रकार की संपर्क बैठकों से संगठनों के बीच संवाद और सहयोग को बढ़ावा मिलता है जिससे समाजहित के कार्यों में गति आती है। सचिव श्री संजय भंडारी ने आभार व्यक्त किया।

**भीलवाड़ा, राजस्थान मध्य** : प्रान्तीय परिषद् बैठक में वार्षिक प्रतिवेदन के साथ परिषद् के विस्तार एवं सेवा कार्यों की जानकारी दी गई। प्रान्तीय संरक्षक रामेश्वर लाल काबरा, प्रान्तीय अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी ने संबोधित किया। प्रान्तीय महासचिव आनंद सिंह राठौड़ ने बताया कि 31 शाखाओं द्वारा 8815 पौधों का रोपण किया तथा 'थैली छोड़ो-थैला पकड़ो' अभियान के अंतर्गत 4000 कपड़े के थैले वितरित किए गए। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री श्री दुर्गादत्त शर्मा ने बौद्धिक कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक जागरूकता बढ़ाने का आह्वान करते हुए परिषद् के सेवा, संस्कार और समर्पण को परिषद् का पहचान बताते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव लाने पर बल दिया। इस अवसर पर नशा मुक्ति फिल्म प्रदर्शन एवं संस्कार प्रकल्पों पर चर्चा भी हुई। उत्कृष्ट कार्य करने वाली 32 शाखाओं को सम्मानित किया गया।

**विवेकानंद भीलवाड़ा** : पर्यवेक्षक शहर समन्वयक श्याम कुमावत की उपस्थिति में आयोजित वार्षिक साधारण सभा में नवीन कार्यकारिणी का निर्वाचन संपन्न हुआ। अध्यक्ष गिरीश अग्रवाल ने भविष्य की योजनाओं में अत्याधुनिक पैथलॉजी लैब और डायलिसिस केन्द्र शुरु करने की घोषणा की जिससे आमजन को रियायती चिकित्सा सेवाएं मिल सकें। बैठक में वर्षभर की गतिविधियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। सदस्यों ने विभिन्न प्रमुख चौराहों पर आमजन को तिलक लगाकर मिश्री, नीम की कोपलें एवं काली मिर्च का प्रसाद वितरण कर नववर्ष की शुभकामनाएं दी। शाखा अध्यक्ष ने आभार व्यक्त किया।

**स्वामी विवेकानन्द ब्यावर :** शाखा के दायित्वग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं वक्ता अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् राजस्थान के पूर्व प्रदेश संगठन मंत्री डॉ. मिथलेश गौतम ने कहा कि भारत विकास परिषद् केवल एक संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की एक सशक्त विचारधारा है, जो सेवा, संस्कार और समर्पण के माध्यम से समाज को सशक्त बनाती है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों के पुरुषार्थ से ही भारत माता का वैभव बढ़ता जा रहा है। पर्यवेक्षक प्रान्तीय महासचिव श्री आनंद सिंह ने अपने संगठनात्मक अनुशासन, कार्यकुशलता एवं टीम भावना के महत्व को रेखांकित करते हुए नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दी। शाखा अध्यक्ष श्रीमती वर्षा तापड़िया ने स्वागत किया। सचिव श्रीमती स्वाति राठी ने वर्ष भर की गतिविधियों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विशेष योगदान देने वाले सदस्यों को सम्मानित किया गया। प्रवीण जैन ने मुख्य अतिथि एवं वक्ता डॉ. मिथलेश गौतम का परिचय दिया। कार्यक्रम में नए सदस्यों एवं नवगठित कार्यकारिणी ने शपथ ग्रहण की। अंत में शाखा सचिव श्री राकेश सिंघल द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

**सुभाष उदयपुर, राजस्थान दक्षिण :** शाखा द्वारा विश्व जल दिवस पर आयोजित जल स्रोत पूजन सप्ताह के अंतर्गत राणा प्रताप रेलवे स्टेशन पर स्थापित रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की सफाई की गई। महिला सदस्यों द्वारा विधिवत पूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. उमा शंकर शर्मा ने जल स्रोत का संरक्षण करने और जल को प्रदूषण से बचाने, दैनिक जीवन में जल का कम से कम उपयोग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। प्रान्तीय जल प्रभारी डॉ. पी.सी.जैन ने सभी से जल संरक्षण के अभियान में जुड़े रहने की अपील की। शाखा अध्यक्ष आर.एल.जैन ने सप्ताह भर के इस जल स्रोत पूजन कार्यक्रम में सभी सदस्यों को सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया। अतिथियों ने सभी को जल बचाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में ऋषभ जैन, एल. सी.जैन, निर्भय बाबेल, ओ.पी. मूथा, बी.एल. काबरा, नवीन शर्मा, पंकज नागोरी, महेश बया इत्यादि सदस्य उपस्थित रहे। विश्व जल दिवस से प्रारंभ हुए जल स्रोत पूजन का समापन स्कूल परिसर में स्थापित रूफ टॉप रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम से जुड़े हैंडपंप की जल आरती एवं पूजन से हुआ। कार्यक्रम का मार्गदर्शन वाटर हीरो डॉ. पी.सी.जैन ने किया जिसमें 101 छात्र, एनएसएस स्वयंसेवक एवं स्टाफ ने जल संरक्षण के प्रति सामूहिक शपथ ली।




सुभाष उदयपुर, राजस्थान दक्षिण : शाखा द्वारा विश्व जल दिवस पर जल संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**तिलक,डूंगरपुर :** संपर्क प्रकल्प के अंतर्गत शाखा अध्यक्ष के नेतृत्व में संपर्क टोली ने नवागत जिला कलेक्टर से सौजन्य भेंट की तथा शाखा की गतिविधियों एवं प्रकल्पों के बारे में जानकारी प्रदान की। टोली में संरक्षक श्री हीरालाल पटेल,सचिव चिराग व्यास,कोषाध्यक्ष शिवराम मोची, पदम जैन,कपिल भट्ट,जितेंद्र सिंह पीठ,प्रवीण श्रीमाल,गजेंद्र श्रीमाल,रॉकी जैन,स्वरूप जैन, कैलाश पांचाल आदि सम्मिलित थे।

**Malad West, Mumbai Konkan :** Branch organised Certificate Distribution programme on closing Ceremony of Free Mehendi Skill Training, in the camp of



Powai Chandivali, Mumbai Konkan Prant : Branch celebrated Nari Shakti programm

32 girls/ladies completed their training and given Certificate and 5 top performing candidates were given medals. This award ceremony was attended by Mayor of Mumbai Smt. Ritu Tawade. She appreciated the work of Bharat Vikas Parishad. Nearly 15 members of Malad West Branch participated in this event.

**Powai Chandivali** : Branch celebrated Nari Shakti programme, with over 70 women from the area participating. The event featured solo and group dances, games, and special prizes, along with delicious food. The celebration coincided with Gangaur, a Rajasthani festival. Dr. Navya Mahajan – Mrs. India Asia West Zone 2025 graced the occasion as Chief Guest, sharing her inspiring journey. Branch President Mrs. Dipti Jhanwar highlighted Parishad's activities, while Mrs. Kiran Pareek spoke on the festival's significance. Other dignitaries included Mrs. Vinita Patodia, Mrs. Archana Patodia, Mrs. Vinita Kulhari, Mrs. Jyoti Nandwana, Mrs. Priya Pansari, and Mrs. Nirmala Kaushik. The event, coordinated under Mrs. Deepti Chaudhary, was anchored by Mrs. Akshu Sharma, and concluded with vote of thanks from Mrs. Sonali Pati.

**पालनपुर पश्चिम, गुजरात उत्तर** : शाखा द्वारा आयोजित बॉक्स क्रिकेट प्रतियोगिता में 44 दिव्यांगों की सहभागिता रही। प्रतियोगिता में सहभागिता करने वालों को मेडल तथा विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष भूपेन्द्रभाई सुथार, सचिव अल्पेशभाई माहेश्वरी सहित संयोजक हीरेनभाई, हार्दिकभाई, जीवारामभाई व सदस्यगण उपस्थित रहे।

**धनेरा** : शाखा द्वारा हिन्दू नववर्ष पर महिला सदस्यों द्वारा मंदिर परिसर की सजावट एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हनुमान जी की आरती और सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। परिषद् परिवार द्वारा पदाधिकारियों एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस आयोजन में शाखा अध्यक्ष श्री शास्त्री सत्यमभाई त्रिवेदी, सचिव श्री विपुलभाई ठक्कर, कोषाध्यक्ष श्री नटवरभाई सोनी, क्षेत्रीय अधिकारी श्री अरविन्दभाई तुवर, प्रान्तीय सदस्य श्री हितेशभाई त्रिवेदी, डॉ. कमलेशभाई कोटड़िया, महिला सहभागिता डॉ. सोनालीबेन कोटड़िया, अंकिताबेन शाह, चेतनाबेन पटेल सहित अनेक सदस्य व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



अंजार, कच्छ प्रान्त : शाखा द्वारा पक्षियों हेतु बर्तन एवं घोसलों का वितरण

अंजार, कच्छ प्रान्त : प्रान्तीय संयोजक पर्यावरण मनोजभाई अबोटी ने 11 बेल के पौधों का रोपण किया। शाखा अध्यक्ष प्रग्नेशभाई पंड्या, पर्यावरण संयोजक किशन सोनी ने कहा कि वर्तमान समय में वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यह न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायक है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करता है। सदस्यों ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प लिया। अंत में आभार व्यक्त किया गया। चिड़िया दिवस पर पक्षियों के संरक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत गर्मी में पक्षियों के पानी और आश्रय की समस्या न हो इसके लिए पानी के बर्तन तथा घोसलों का निःशुल्क वितरण किया गया। इस आयोजन में 400 पानी बर्तन हेतु श्री रघुवंशी क्रांतिवीर मेघजी सेठ परिवार तथा वसंतभाई, भाईलालभाई ठाकर का सहयोग प्राप्त हुआ जबकि 1000 घोसलों के लिए रत्नमणि मेटल्स एवं ट्यूब लिमिटेड तथा यूनिटी सीमेंट का सहयोग मिला। वीर शहीद भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु के बलिदान दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शहर के गणमान्य नागरिकों, सदस्यों ने भाग लिया। अध्यक्ष प्रग्नेशभाई पंड्या ने स्वागत किया। मुख्य वक्ता श्री जयंतीभाई नाथाणी ने बलिदानियों के जीवन से प्रेरणा लेकर देशभक्ति और राष्ट्रसेवा की भावना को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन दीपेनभाई पंड्या ने किया।



भारतनगर, सौराष्ट्र प्रान्त : शाखा द्वारा जीव दया एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु चिड़ियाघर और पानी के कुंडों का वितरण

गांधीधाम : शाखा द्वारा शहीद दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित 'एक शाम शहीदों के नाम' कार्यक्रम में वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस आयोजन में गांधीधाम, अंजार, आदिपुर, भचाऊ और भुज से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक श्री रमेश माहेश्वरी, मधुकांत शाह, अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, सचिव हितेश रामदासानी, ट्रस्टी कन्हैयालाल भावनानी, महिला संयोजिका जागृति ठक्कर, राकेश अग्रवाल, समीर गर्ग आदि द्वारा किया गया। ट्रस्टी श्री भावनानी ने स्वागत किया। इस अवसर पर परिषद् सदस्य परिवारों द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य, कविता, गद्य के माध्यम से स्वरांजलि अर्पित की गई। बालिका अंतरा भट्ट, रंजना गुप्ता और ईश्वर ओझा ने भी अपनी प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर कॉलेज विद्यार्थियों के लिए आयोजित मौलिक रील प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। अंत में अध्यक्ष सुरेश गुप्ता और सचिव हितेश रामदासानी ने आभार व्यक्त किया। संचालन डॉ. चेतन वोरा द्वारा किया गया।

भारतनगर, सौराष्ट्र प्रान्त : शाखा द्वारा जीव दया एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में लगभग 1500 चिड़ियाघर एवं पानी के कुंडों का वितरण किया गया, जिससे भीषण गर्मी से पक्षियों को राहत मिल सके। कार्यक्रम का शुभारंभ शाखा अध्यक्ष श्री जिगर सचदेवा द्वारा किया गया। इस अवसर पर शाखा सचिव श्री देवेन्द्र ठक्कर, मीडिया संयोजक, श्री जिग्नेश ठक्कर, श्रीमती पल्लवीबेन ठक्कर, श्री रमेश सथवारा, श्री मयूर शयता, भरत रायया, अशोक सवाणी तथा आशापुरा मंदिर के ट्रस्टी श्री राजेन्द्र सिंह जाडेजा उपस्थित रहे। इस सेवा कार्य का लाभ भारतनगर क्षेत्र के लोगों ने लाभ उठाया। सभी ने इस कार्य की सराहना की। ■

# देहदान-नेत्रदान-रक्तदान-जीवनदान

आदिकाल से ही भारत की संस्कृति में देहदान एवं अंगदान के महान उदाहरण देखने और पढ़ने को मिलते हैं। महान तपस्वी एवं त्यागमूर्ति महर्षि दधीचि ने देवासुर संग्राम के समय परोपकार की भावना से अपनी अस्थियों का दान कर मानवता की सेवा का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। उनकी अस्थियों से बने वज्र से असुरों का विनाश हुआ और देवताओं की रक्षा हुई। यह घटना त्याग, सेवा और परोपकार की सर्वोच्च प्रेरणा देती है।

आज के आधुनिक युग में भी देहदान, अंगदान और नेत्रदान के माध्यम से हम मानवता की महान सेवा कर सकते हैं। चिकित्सा विज्ञान के विद्यार्थियों के अध्ययन एवं अनुसंधान के लिए मानव देह अत्यंत आवश्यक होती है। इसी प्रकार अंगदान और नेत्रदान से अनेक पीड़ित लोगों को नया जीवन या नई दृष्टि मिल सकती है।

जैसे सेना के सर्वोच्च सम्मान परमवीर चक्र पर त्याग और वीरता की महिमा अंकित है, उसी प्रकार अंगदान या देहदान करने वाला व्यक्ति किसी के जीवन में हमेशा के लिए अमर हो जाता है।

### देहदान के लिए आवश्यक बातें

1. देहदान करने वाले व्यक्ति का पूर्व सहमति पत्र होना चाहिए।

2. मृत्यु के उपरांत निकटतम मेडिकल कॉलेज से संपर्क कर आवश्यक मार्गदर्शन लेना चाहिए।

3. मृत्यु के बाद परिजनों की सहमति आवश्यक होती है।

4. समाज में अधिक से अधिक लोगों को देहदान के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए।

### नेत्रदान : अंधकार से प्रकाश की ओर

जब हमें व्हाट्सएप, एमएमएस या फोन के माध्यम से किसी के निधन की सूचना प्राप्त होती है, तब हम उस सूचना को नेत्रदान के अवसर में बदल सकते हैं : -

1. सूचना देने वाले व्यक्ति से भारत विकास परिषद् के कार्यकर्ता के रूप में परिचय देकर नेत्रदान के विषय में निवेदन करें।

2. नेत्रदान का महत्व बताते हुए उनसे दिवंगत के परिजनों से संपर्क कराने का अनुरोध करें।

3. उस क्षेत्र के भारत विकास परिषद् के सदस्यों से संपर्क कर परिवार को प्रेरित करने का प्रयास करें।

4. उस क्षेत्र के प्रबुद्ध और सम्मानित नागरिकों को भी इस अभियान से जोड़ें।

### नेत्रदान के समय ध्यान रखने योग्य बातें

1. नेत्रदान की प्रक्रिया मृत्यु के 6 से 8 घंटे के भीतर पूरी हो जानी चाहिए।

2. मृत्यु का कारण जानना आवश्यक है - जैसे सामान्य मृत्यु, बीमारी, दुर्घटना या आत्महत्या।

3. नेत्रदान टीम आने तक मृतक की आँखों पर गीली रुई या गीला कपड़ा रखें।

4. मृतक के सिर के नीचे तकिया रखें।

5. कमरे का पंखा बंद रखें तथा अगरबत्ती आदि दूर रखें।

### नेत्रदान प्रक्रिया की महत्वपूर्ण जानकारी

1. नेत्रदान की प्रक्रिया केवल 15 - 20 मिनट में पूर्ण हो जाती है।

2. इससे मृतक का चेहरा बिल्कुल विकृत नहीं होता।

3. परिजनों को कोई खर्च नहीं करना पड़ता।

4. मृतक को कहीं ले जाने की आवश्यकता नहीं होती, आई बैंक की टीम स्वयं घर पर आती है।

5. यह प्रक्रिया 24 घंटे में किसी भी समय की जा सकती है।

6. इससे अंतिम संस्कार में कोई विलंब नहीं होता।

7. लगभग सभी धर्म नेत्रदान को मान्यता देते हैं।

8. किसी भी आयु, लिंग या रक्त समूह का व्यक्ति नेत्रदान कर सकता है।

9. यदि मृतक ने पहले संकल्प नहीं लिया हो, तो भी परिवार की सहमति से नेत्रदान संभव है।

### किन स्थितियों में नेत्रदान संभव नहीं होता

एड्स, हैपेटाइटिस-बी/सी, रेबीज, सेप्टीसीमिया, सक्रिय ल्यूकेमिया (कैंसर), पीलिया, सिफिलिस, टेटनस अथवा अन्य गंभीर संक्रमण से पीड़ित व्यक्ति का नेत्रदान नहीं किया जा सकता। अंतिम निर्णय आई बैंक के चिकित्सकों द्वारा तकनीकी जाँच के बाद लिया जाता है।

हम सब मिलकर देहदान, अंगदान और नेत्रदान के इस महाअभियान को आगे बढ़ाएं और पीड़ित मानवता की सेवा में अपना योगदान दें।

**-भरत सराफ**, किशनगढ, (राजस्थान)



श्री आलोक कुमार बरनवाल - श्रीमती ममता बरनवाल
भदोही (उत्तर प्रदेश)



श्री कृष्ण बिहारी लाल श्रीवास्तव - श्रीमती उषा बाला श्रीवास्तव
वाराणसी (उत्तर प्रदेश)



श्रीमती उषा खेमानी - श्री संजय खेमानी
ठाणे पश्चिम (महाराष्ट्र)



श्रीमती आरती वी. मिश्रा - श्री वाचस्पति ए. मिश्रा
मुम्बई (महाराष्ट्र)



न्यायमूर्ति स्वपन चन्द्र दास - श्रीमती रीता दास
अगरतला (त्रिपुरा)



श्री बहादुर जी कांकरिया - श्रीमती सुशीला कांकरिया
ब्यावर (राजस्थान)



श्रीमती स्नेहल सी. वाडेकर
श्री चन्द्रशेखर वाडेकर
पनवेल (महाराष्ट्र)



श्रीमती बिपल्बी चक्रवर्ती
अगरतला (त्रिपुरा)



श्री राधेलाल गर्ग
श्रीमती कल्पना देवी
नोएडा (उत्तर प्रदेश)



श्री आनन्द पाण्डेय - श्रीमती सावित्री पान्डेय
वाराणसी (उत्तर प्रदेश)



श्री अशोक कुमार अग्रवाल - श्रीमती नीमा अग्रवाल
वाराणसी (उत्तर प्रदेश)



श्री कृष्ण कुमार सिंघल
श्रीमती उर्मिला सिंघल
भिलाई (छत्तीसगढ़)

श्रीमती अनिता केशरी
श्री राम कुमार केशरी
मिर्जापुर (उत्तर प्रदेश)





श्री सतीश चन्द्र गोयल - श्रीमती सुमन लता
हाथरस (उत्तर प्रदेश)



श्री सुभाष चन्द्र गुप्ता - श्रीमती कुसुम गुप्ता
ग्वालियर (मध्य प्रदेश)



श्री सुरेश बंसल - श्रीमती राधिका (रीमा) बंसल
चण्डीगढ़ (यू.टी.)



श्री विनोद अग्रवाल - श्रीमती मंजू देवी अग्रवाल
रायपुर (छत्तीसगढ़)

श्रीमती प्रमोद
श्री श्याम सुन्दर
रावतसर (राजस्थान)





श्री प्रवीन जैन - श्रीमती रेखा जैन
ब्यावर (राजस्थान)



शाखा : रुद्रपुर, उत्तराखण्ड पूर्व
नेत्रदानी : श्री सतीश धीर
प्रेरक : परिजन एवं शाखा सदस्य
संस्थान : सी.एल.गुप्ता नेत्र बैंक, मुरादाबाद



शाखा : रुद्रपुर, उत्तराखण्ड पूर्व
नेत्रदानी : श्रीमती उर्मिला रानी चुघ
प्रेरक : श्री भारत भूषण चुघ, शाखा सदस्य एवं राधा स्वामी सत्संग
संस्थान :

सी.एल.गुप्ता नेत्र बैंक, मुरादाबाद



शाखा : रुद्रपुर, उत्तराखण्ड पूर्व
नेत्रदानी : श्रीमती प्रेम कालरा
प्रेरक : परिजन एवं शाखा सदस्य
संस्थान : सी.एल.गुप्ता नेत्र बैंक, मुरादाबाद



शाखा : रुद्रपुर, उत्तराखण्ड पूर्व
नेत्रदानी : श्रीमती कौशल्या देवी बांगा
प्रेरक : श्री पंकज बांगा, शाखा सदस्यगण एवं परिजन
संस्थान : सी.एल.गुप्ता नेत्र बैंक, मुरादाबाद



शाखा : रुद्रपुर, उत्तराखण्ड पूर्व
नेत्रदानी : श्री राजकिशन जी ग्रोवर
प्रेरक : श्री जतिन अग्रवाल, श्री संजय जी, श्री बलदेव नारंग, राधा स्वामी सत्संग
संस्थान : सी.एल.गुप्ता नेत्र बैंक,मुरादाबाद



शाखा : रुद्रपुर, उत्तराखण्ड पूर्व
नेत्रदानी : श्रीमती सरोज रानी ठुकराल
प्रेरक : श्री शक्ति बाटला
संस्थान : अग्रसेन ग्लोबल चेरिटेबल ट्रस्ट



शाखा : रुद्रपुर, उत्तराखण्ड पूर्व
नेत्रदानी : श्रीमती सुमित्रा छाबड़ा
प्रेरक : परिजन एवं शाखा सदस्य
संस्थान : सी.एल.गुप्ता नेत्र बैंक, मुरादाबाद



शाखा : रुद्रपुर, उत्तराखण्ड पूर्व
नेत्रदानी : श्रीमती राजरानी दावड़ा
प्रेरक : परिजन एवं शाखा सदस्य
संस्थान : सी.एल.गुप्ता नेत्र बैंक, मुरादाबाद



शाखा : रुद्रपुर, उत्तराखण्ड पूर्व
नेत्रदानी : श्रीमती परमजीत कौर खरबंदा
प्रेरक : श्री संजय कुमार एवं अन्य सदस्य तथा परिजन
संस्थान : सी.एल.गुप्ता नेत्र बैंक, मुरादाबाद



शाखा : रुद्रपुर, उत्तराखण्ड पूर्व
नेत्रदानी : श्रीमती सत्या रानी दुआ
प्रेरक : परिजन एवं शाखा सदस्य
संस्थान : सी.एल.गुप्ता नेत्र बैंक, मुरादाबाद



शाखा : रुद्रपुर, उत्तराखण्ड पूर्व
नेत्रदानी : श्री अमीरचंद गुंबर
प्रेरक : शाखा सदस्य एवं राधा स्वामी सत्संग
संस्थान : सी.एल.गुप्ता नेत्र बैंक, मुरादाबाद



शाखा : रुद्रपुर, उत्तराखण्ड पूर्व
नेत्रदानी : श्री जगदीश कालड़ा
प्रेरक : श्री बलदेव नारंग
संस्थान : अग्रसेन ग्लोबल चेरिटेबल ट्रस्ट




रेवाड़ी, हरियाणा दक्षिण : रक्तदान शिविर का आयोजन




सम्राट मुजफ्फरनगर, हस्तिनापुर प्रान्त : शाखा द्वारा नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन




नगर इकाई बीकानेर, राजस्थान उत्तर प्रान्त :
शाखा द्वारा जरूरतमंद व्यक्तियों को चिकित्सकीय उपकरण का वितरण

RNI No. 19789/70

**No. DL-(N)/112/2024-26** Licensed to post without pre payment **No U (DN)-91/2024-25**

Date of Posting 27 & 28 April, 2026 from Ashok Vihar H.O. Delhi

Date of Publication 22.04.2026




उज्जैन महानगर, मध्य भारत पश्चिम प्रान्त : महामहिम राज्यपाल कर्नाटक श्री थावरचंद गहलोत के आतिथ्य में दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग का वितरण



जोधपुर, राजस्थान पश्चिम : राष्ट्रीय अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श गोयल द्वारा जोधपुर के पूर्व महाराजा गज सिंह से शिष्टाचार भेंट।



गांधीधाम, कच्छ प्रान्त : शाखा द्वारा शहीद दिवस पर 'एक शाम शहीदों के नाम' कार्यक्रम का आयोजन ।

Published & Printed by Durga Dutt Sharma for BHARAT VIKAS PARISHAD, Bharat Vikas Bhawan, Plot No. MS-14 AD/BD Block, (Adjoining BD-87), Pitampura, Delhi-110034
Editor : Arvind Kumar Bandi Printed at: IMPRESSIONS PRINTING & PACKAGING LIMITED, C-18-19-20, Sector-59, Noida-201301 (U.P.)